CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 43 अंक -62 राजनांदगांव, बुधवार 17 जनवरी 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## जनता का एक-एक पैसा उनकी भलाई में लगे- मोदी

पालासमुद्रम। अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा से पहले 11 दिवसीय अनुष्ठान कर रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को रामराज की कर व्यवस्था और सुशासन का हवाला देते हुये कहा कि कर व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए जिसमें जनता द्वारा दिये गये एक-एक पैसा उनकी भलाई में लगे और उनकी सरकार पिछले करीब 10 वर्षों से यही काम कर रही है।



श्री मोदी ने केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड की सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर एवं नारकोटिक्स राष्ट्रीय अकादमी के यहां नव निर्मित परिसर का शुभारंभ करने के मौके पर कहा कि लोकतंत्र में राजा प्रजा होती है और सरकार प्रजा की सेवा का काम करती है। इसलिए सरकार को पर्याप्त राजस्व मिलती रहे इसमें इस संस्थान की बहुत बड़ी भूमिका है। उन्होंने अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का उल्लेख करते हुये कहा कि आजकल पूरा देश राममय है। रामजी की भक्ति में सराबोर है। प्रभु श्रीराम का जीवन विस्तार और आस्था भक्ति के दायरे से कही ज्यादा है। प्रभु श्रीराम सुशासन के ऐसे प्रतीक हैं जो इस संस्थान के लिए प्रेरणादायक बन सकते हैं। रामराज ऐसा लोकतंत्र था जहां हर नागरिक की आवाज सुनी जाती थी। रामराज निवासी के लिए कहा गया है कि अपना मस्तष्क ऊंचा रखो, धर्म को जानो, तुम रामराज के वासी हो। रामराज सुशासन के चार खंभों पर खडा था जहां बिना भय के हर कोई सर ऊंचा करके चलता था। जहां कमजोर की सुरक्षा होती थी और कर्तव्य सर्वोपरि था।

प्रधानमंत्री ने कहा कि रामराज में कर कैसे लिया जाता था, इस पर स्वामी तुलदीदास ने कहा है कि सूर्य पृथ्वी से जल खींचता है और वही जल वारिश बन कर धरती पर आता है। उन्होंने कहा, ÷ हमारी कर व्यवस्था भी वैसे ही होनी चाहिए। जतना से गयी पाई-पाई जनता की भलाई में लगे। पिछले 10 वर्षों में कर व्यवस्था में व्यापक पैमाने पर सुधार किये गये हैं। पारदर्शिता के अभाव में कारोबारियों को परेशान किया जाता था। जीएसटी के रूप में एक आधुनिक व्यवस्था दी गयी है। आयकर व्यवस्था को भी आसान बनाया गया है। फेसलेस कर मूल्याकंन व्यवस्था की गयी है। इन सारे सुधारों के कारण आज देश में रिकॉर्ड कर संग्रह हो रहा है और सरकार का कर संग्रह बढ़ा है तो सरकार जनता के पैसे को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से जनता को लौटा रही है। उन्होंने कहा कि बीते 10 वर्षों में गरीब, किसान, महिला और युवा इन सबकों ज्यादा से ज्यादा सशक्त किया गया है। सरकार की योजनाओं के केन्द्र में वही लोग सर्वोपरि है जो वंचित थे, शोषित थे और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े थे। सरकार ने गरीबो की सेहत, शिक्षा और रोजगार एवं स्वरोजगार पर खर्च किया है और उनकी सुविधायें बढ़ाई है। अब तक गरीब का सामार्थ्य बढ़ा है और सुविधायें मिली है जो वो गरीबी से बाहर निकलने लगा है।

श्री मोदी ने कहा कि 2014 में आयकर पर छूट दो लाख रुपये थी जिसे अब बढ़ाकर सात लाख रुपये तक कर दी गयी है। लोगों की इस छूट से 2.5 लाख करोड़ रुपये की बचत हुयी है। सरकार इंफ्रा पर निवेश कर रही है। करददाता देख रहा है कि उसके पैसे का सही उपयोग हो रहा है तो वह भी आगे बढ़कर कर दे रहा है। कर देने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने जो कुछ जनता से लिया उसे जनता को दिया है और यही रामराज का मूलमंत्र है। श्री मोदी ने कहा कि अतीत में परियोजनाओं को लटकाने भटकाने की परंपरा रही थी। उनकी सकरार ने लागत का ध्यान रखा है और समय पर पूरा करने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के विरूद्ध लड़ाई भ्रष्टाचारियों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 'सीट बंटवारे पर हो रही चर्चा, जल्द होगा समाधान', इंडिया गठबंधन की बैठकों पर बोले राहुल गांधी



चिफोबोजू। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि विपक्षी गठबंधन के सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे का जल्द समाधान निकल जाएगा। उन्होंने इस दौरान दावा किया कि विपक्षी गठबंधन आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को करारी शिकस्त देगा। राहुल गांधी ने कहा कि इंडिया गठबंधन के दलों के बीच आपसी सम्मान और प्रेम हैं। यह गठबंधन भाजपा, आरएसएस के विचारों का विरोध करता है।

### विपक्षी गठबंधन आम चुनाव में भाजपा को देगा मात- राहुल

'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान नागालैंड में पत्रकारों से बातचीत करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि इंडिया गठबंधन मजबूत स्थिति में हैं। सभी सहयोगी दल आपस में बातचीत कर रहे हैं। फिलहाल सीट बंटवारे के मुद्दे पर चर्चा की जा रही है, मुझे लगता है कि जल्द ही आप लोगों को एक अच्छी खबर मिलने वाली है। उन्होंने कहा कि यह कोई मुद्दा नहीं है, इसका समाधान जल्द निकाला जाएगा।

### इंडिया गठबंधन में कोई नाराजगी नहीं- राहुल गांधी

नीतीश कुमार की नाराजगी पर बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा कि कोई भी नाराज नहीं है, मीडिया इससे जानबूझकर बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रही है। मीडिया बैठक के गठबंधन का भाईचारा नहीं दिखाता है। एक मुद्दा उठाकर मीडिया इसे बड़ा मुद्दा बना देती है। गौरतलब है कि राहुल गांधी का यह बयान उस समय आया जब इंडिया गठबंदन में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे को लेकर कई दौर की बैठकें हो रही हैं। राहुल गांधी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में हम जीत हासिल करेंगे। 2024 के आम चुनाव में हम भाजपा को करारी शिकस्त देंगे। बता दें राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 14 जनवरी को मणिपुर के थौबल से शुरू होने के बाद सोमवार शाम को नागालैंड पहुंची।

## मध्यप्रदेश के कूनो में एक और चीते शौर्य की मौत, अब तक 10 चीतों की गई जान

मध्यप्रदेश। कूनो नेशनल पार्क में एक और चीते की मंगलवार को मौत हो गई. ये चीता नामीबिया से लाया गया था और इसका नाम शौर्य था. इसके साथ कूनो में मरने वाले चीतों की संख्या अब बढ़कर 10 हो गई है. शौर्य दसवां चीता था. लायन प्रोजेक्ट के निदेशक की ओर से जारी प्रेस रिलीज में कहा गया है कि 16 जनवरी को लगभग 3.17 बजे नामीबियाई चीता शौर्य की मौत हो गई. मृत्यु का कारण पोस्टमार्टम के बाद पता चलेगा. उसे जंगल में बेहोश पाया गया था जिसके बाद से उसका इलाज चल रहा था.




बता दें कि कूनो नेशनल पार्क में चीता प्रोजेक्ट के तहत नामीबिया और साउथ अफ्रीका से 20 चीते लाए गए थे. जिसकी पूरे देश में चर्चा हुई थी. बाद में लग-अलग कारणों से अभी तक 7 वयस्क और 3 शावकों की मौत हो चुकी है. वैसे ये मायूस करने वाली खबर से वक्त में सामने आई है जब कुछ ही दिन पहले अफ्रीकी देश नामीबिया से लाई गई मादा चीता आशा ने पार्क में तीन शावकों को जन्म दिया है.

इन तीनों शावकों को लेकर विन विभाग के अधिकारी बेहद उत्साहित थे. खुद केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने इन शावकों की तस्वीर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर डाला था. उन्होंने न शावकों के जन्म को परियोजना चीता की शानदार सफलता करार दिया था. अच्छी बात ये है कि फिलहाल ये तीनों शावक स्वस्थ्य हैं.

## असहमति को शालीनता से व्यक्त किया जाना चाहिए-बिरला

जयपुर। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदस्यों के लिए सदन में आचरण के उच्चतम मापदंड स्थापित करना आवश्यक बताते हुए कहा है कि लोकतंत्र में नीतियों और मुद्दों पर मतभेद हो सकते हैं लेकिन ऐसी असहमति सदन की गरिमा और मर्यादा के दायरे में रहकर व्यक्त की जानी चाहिए। श्री बिरला मंगलवार को यहां विधानसभा में राजस्थान की सोलहवीं विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जोर देकर कहा कि राष्ट्रपति और राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान सदन में कोई व्यवधान नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह अभिभाषण हमारी संसदीय व्यवस्था में महत्वपूर्ण मौका होता है जिसका सभी को सम्मान करना चाहिए।



उन्होंने कहा कि प्रत्येक सदस्य का यह दायित्व है कि वह सदन के माध्यम से लोकतंत्र को सुदृ? करने में अपना योगदान दे। इसके साथ ही उन्होंने सदस्यों से आग्रह किया कि वे सदन में अपना पूरा समय दें और वरिष्ठ नेताओं और सदस्यों के भाषण सुनें और उनसे सीखें। उन्होंने कहा कि सदस्य जितना अधिक समय सदन में बैठेगा, उसे उतना अधिक अनुभव प्राप्त होगा और वह पूरे राज्य की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों से अवगत होगा। उन्होंने कहा कि दूसरों से सीखने से उनका दृष्टिकोण व्यापक होगा और वे अपनी बात अधिक प्रभावी ढंग से रख पाएंगे। श्री बिरला ने सदस्यों को कानूनो और बजट पर पुराने वाद-विवाद, कानूनों और नियमों को पढ़ने का सुझाव भी दिया, जिससे उन्हें बेहतर विधायक बनने में मदद मिलेगी। श्री बिरला ने आगे कहा कि सदस्य जितना अधिक अध्ययन करेगा, उसकी चर्चा उतनी ही सारगर्भित होगी और उतने ही बेहतर कानून बनेंगे। जनप्रतिनिधि के रूप में सदस्यों की भूमिका पर बात करते हुए श्री बिरला ने कहा कि विधानसभा के सदस्य के रूप में उनका दायित्व उन लोगों की आशाओं, अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को पूरा करना है जिनका वे प्रतिनिधित्व करते हैं। जनप्रतिनिधियों के रूप में सदस्यों को अपने क्षेत्र में जमीनी स्तर के निर्वाचित संगठनों के साथ नियमित रूप से संवाद एवं विकास गतिविधियों में भाग लेना चाहिए और उनके मुद्दों को सदन में उठाना चाहिए। जितने अधिक मुद्दों को वे उठाएंगे, उतना अधिक लोगों को लाभ होगा क्योंकि लोगों से जु? मुद्दे उठाकर वे उन्हें सरकार के ध्यान में ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि इससे देश में तीनों स्तरों पर लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने प्रौद्योगिकी का सदुपयोग का जिक्र करते हुए कहा कि सदस्यों को टेकनोलॉजी फ्रेंडली होना चाहिए और जमीनी स्तर पर लोगों से जुड़ने के लिए प्रौद्योगिकी को एक प्रभावी माध्यम के रूप में अपनाना चाहिए। प्रौद्योगिकी से सदस्यों को अपने क्षेत्र के लोगों के साथ अधिक सहजता से जुड़ने और विधायकों और जन प्रतिनिधियों के रूप में अपने दायित्वों का निर्वह्न सुगमता से करने में मदद मिलेगी। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 'राजीव गांधी पीएम थे तभी हो गया था राम मंदिर का शिलान्यास', प्राण प्रतिष्ठा से पहले शरद पवार ने भाजपा को याद दिलाई तारीख

पुणे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) प्रमुख शरद पवार ने मंगलवार को कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के लिए 'शिलान्यास' तब किया गया था जब राजीव गांधी देश के प्रधानमंत्री थे। उन्होंने कहा कि भाजपा और आरएसएस इस मुद्दे पर राजनीति कर रहे हैं।



कर्नाटक के निपानी में एक पब्लिक बैठक में बोलते हुए दिग्गज नेता शरद पवार ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह किया जाएगा। पवार ने कहा, राजीव गांधी के कार्यकाल में शिलान्यास (पहला पत्थर रखना) किया गया था, लेकिन आज भाजपा और आरएसएस भगवान राम के नाम पर राजनीति कर रहे हैं।

### पीएम मोदी गरीबी खत्म करने के लिए उपवास करते तो...

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रतिष्ठा समारोह से पहले 11 दिन के उपवास पर जाने पर शरद पवार ने कहा, 'मैं राम में उनकी आस्था का सम्मान करता हूं, लेकिन अगर उन्होंने गरीबी खत्म करने के लिए उपवास करने का फैसला किया होता तो लोग इसकी सराहना करते।'

## जहां शिवलिंग का दावा, उस पानी की टंकी की होगी सफाई; ज्ञानवापी मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को काशी के ज्ञानवापी मामले में बड़ा फैसला दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने मस्जिद परिसर में मौजूद पानी की टंकी (वुजुखाना) की सफाई कराने की अनुमति दे दी है। गौरतलब है कि इसी वुजुखाने में हिंदू पक्ष ने शिवलिंग होने का दावा किया है।




मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने एक महिला की याचिका पर यह निर्देश दिया। दरअसल सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर मस्जिद परिसर में भगवान की पूजा करने की अनुमति मांगी गई थी। साथ ही पानी के टैंक की सफाई की मांग की गई थी क्योंकि उस टैंक में मछलियां मरी पड़ीं थी। इस याचिका का मस्जिद मैनेजमेंट कमेटी द्वारा विरोध नहीं किया गया।

### जिला कलेक्टर की देखरेख में होगी सफाई

सुप्रीम कोर्ट ने पीठ ने अपने आदेश में कहा कि टैंक की सफाई वाराणसी के जिला कलेक्टर की देखरेख में कराई जाए। उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से एडिश्नल सॉलिसिटर जनरल माधवी दीवान सुनवाई में पेश हुईं। उन्होंने भी सरकार की तरफ से टैंक (वुजुखाने) की सफाई की मांग की थी। वहीं मस्जिद कमेटी की तरफ से वरिष्ठ वकील हुजैफा अहमदी पेश हुए। सुप्रीम कोर्ट ने नोट किया कि मस्जिद की अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी ने भी वाराणसी की ट्रायल कोर्ट में भी वुजुखाने की सफाई की मांग को लेकर याचिका दायर की थी। बता दें कि मई 2022 में सुप्रीम कोर्ट ने मस्जिद के वुजुखाना में शिवलिंग पाए जाने के दावे के बाद वुजुखाने को सील करने का आदेश दिया था। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष को नमाज (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अभी और कहर बरपाएगी ठंडः दिल्ली में दिनभर चली बर्फीली हवा, पारा पहुंचा 3.5 डिग्री; दो दिन का ऑरेंज अलर्ट

नई दिल्ली। दिनभर चली बर्फीली हवाओं की वजह से राजधानी में गलन बढ़ने लगी है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अभी अगले कुछ दिन सुबह के समय घना कोहरा छाने से ठंड बढ़ेगी। दिन में धूप खिलने से अधिकतम तापमान में बढ़त हो सकती है। मौसम विभाग ने शीतलहर चलने की आशंका जताई है।



प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र, नई दिल्ली के मुताबिक मंगलवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 17.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जो सामान्य से दो डिग्री कम है। वहीं न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से चार डिग्री कम है। लेकिन सोमवार के मुकाबले 0.2 डिग्री अधिक है।

दिल्ली का जाफरपुर इलाके में सुबह सबसे ठंडी रही। यहां का न्यूनतम तापमान सबसे कम 2.7 डिग्री दर्ज किया गया। बुधवार को आसमान साफ रहेगा। सुबह घना से बहुत घना कोहरा हो सकता है। कुछ स्थानों पर शीत लहर चल सकती है। इस दौरान अधिकतम तापमान 17 डिग्री और न्यूनतम तापमान चार (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## डीपफेक से निपटने के लिए सरकार उठाएगी सख्त कदम, 7-8 दिन में जारी होंगे नए नियम

नई दिल्ली। डीपफेक मामले में केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लिया है. सरकार 7-8 दिन के भीतर इस संबंध में आईटी एक्ट के नए नियम जारी करेगी. नए नियम आने के बाद डीपफेक के आरोपियों के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत कार्रवाई होगी.



इस संबंध में केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने आज कहा कि सरकार अगले सात से आठ दिनों में संशोधित आईटी नियम जारी करने जा रही है. मंत्री की प्रतिक्रिया सचिन तेंदुलकर के डीपफेक वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद आई है. केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि नए आईटी नियम में डीपफेक और गलत सूचना से जुड़े प्रावधानों को और सख्ती के साथ स्पष्ट किया जाएगा. उन्होंने कहा कि सरकार ने इसके लिए एक एडवाइजरी जारी की है. अगर सरकार को लगता है कि इस एडवाइजरी का पालन नहीं किया जा रहा है तो इसको लेकर स्पष्ट प्रावधानों के साथ संशोधित नया आईटी नियम भी लाया जाएगा.

### 'नियमों का पालन नहीं करने पर होगा एक्शन'

चंद्रशेखर ने कहा कि आईटी नियम में पहले ही फेक न्यूज और डीपफेक पर कार्रवाई का प्रावधान है, जिसका पालन करना अनिवार्य है. इस दौरान उन्हें यह भी बताया कि इन नियमों का पालन नहीं करने पर क्या कार्रवाई की जा सकती है.

### 'डीपफेक वीडियो रोकना प्लेटफॉर्म की जिम्मेदारी'

केंद्रीय मंत्री ने स्पष्ट किया कि डीपफेक वीडियो रोकने की जिम्मेदारी प्लेटफॉर्म की है. अगर कोई भी प्लेटफॉर्म इसमें चूक करता है तो सरकार उसके खिलाफ एक्शन लेगी. कंपनियां अपने प्लेटफार्म को ऐसे लोगों को यूज करने की इजाजत न दें. गौरतलब है कि (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## आज साय मंत्रिमंडल की पांचवीं बैठक, मोदी की गारंटी पर हो सकता है फैसला

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के मंत्रिपरिषद की पांचवी बैठक बुधवार को होगी। शाम पांच बजे मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर में आयोजित इस बैठक में मोदी की गारंटी के प्रमुख वादों को लेकर फैसला हो सकता है। इसमें महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये देने की महतारी वंदन योजना और राजिम पुन्नी मेला की जगह राजिम कुंभ का आयोजन कराने पर भी चर्चा होगी। इसके अलावा आगामी बजट को लेकर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।



मुख्यमंत्री साय ने 22 जनवरी को अयोध्या में होने जा रहे भगवान श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर संदेश दिया है। इंटरनेट मीडिया एक्स के माध्यम से उन्होंने कहा कि अयोध्या धाम में प्रभु श्रीरामलला के मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुसार अपने आसपास के मंदिरों एवं तीर्थस्थानों में स्वच्छता का संकल्प लें। इस अवसर पर प्रभु श्रीराम का स्मरण करते हुए दीप प्रज्वलन कर दीपावली सा उत्सव मनाएं। आप सबको पता है कि श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या धाम में भगवान श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होने जा रहा है। हमारा सौभाग्य है कि हम इस दिव्य पल के साक्षी होने जा रहे हैं। पूरे देश में उत्साह है। छत्तीसगढ़ वही कौशल है जिसकी बेटी माता कौशल्या ने भगवान श्रीराम को जन्म दिया। श्रीराम ने दंडकारण्य को अपने चरण रज से पवित्र किया। मां शबरी के बेर की मिठास अभी भी छत्तीसगढ़ में घुली हुई है।

### राहुल के राम पर बयान पर कहा- यह उनकी सोच

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को आरएसएस और भाजपा द्वारा राजनीतिक करने वाले कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान पर सीएम साय ने कहा कि यह उनकी सोच है। अयोध्या में भगवान श्रीराम की मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होगी। यह सब के लिए खुशी का दिन है। मुख्यमंत्री साय जशपुर दौरे से लौटने पर हेलीपेड पर पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि दो दिन के जशपुर दौरे के दौरान बगीचा में प्रधानमंत्री जन-मन योजना का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। देश के प्रधानमंत्री मोदी ने पहाड़ी कोरवा परिवार की महिला मनकुंवरी बाई से बात की। महिला ने भी बहुत विश्वास के साथ प्रधानमंत्री से बात की।

## प्राण प्रतिष्ठा से पहले भगवान राम का ननिहाल हुआ निहाल, माता कौशल्या की जन्मस्थली में अयोध्या की तर्ज पर होगी पूजा

रायपुर। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए भगवान राम के ननिहाल में अभी से उत्सव शुरू हो गया है। यहां हर किसी के मन में राम रम गए हैं। लोगों ने इस समारोह को व्यापक और बड़े स्तर पर मनाने की तैयारी शुरू कर दी है। मंदिर से लेकर चौराहे और कालोनी से लेकर घर फूल, तोरण, रंग और झिलमिलाती रंगबिरंगे लाइट से सज रहे हैं। जगह-जगह दीवारों पर श्रीराम और अयोध्या के राम मंदिर की बड़ी-बड़ी पेंटिंग बनाई जा रही है। सुबह से देर शाम तक राम नाम की गूंज सुनाई दे रही है।



स्कूल से लेकर कालेज के आयोजनों में भी रामभक्ति गीतों की धुन सुनाई दे रही है। पूरा शहर अभी भक्तिरस में डूबा हुआ है। विभिन्न कालोनियों में साज-सज्जा के साथ उत्सव की तैयारी की जा रही है। रामलीला मंचन, आतिशबाजी, भजन कीर्तन, दीपदान के लिए तैयारी की हो रही है। चंदखुरी में भगवान राम के ननिहाल छत्तीसगढ़ के चंदखुरी में अयोध्या की तर्ज पर पूजा और उत्सव मनाया जाएगा। इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई है। 22 जनवरी को मानस ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। दिनभर मानस मंडली मंदिर में प्रस्तुति देगी। बता दें कि राजधानी रायपुर से 27 किलोमीटर दूर स्थित चंदखुरी गांव को भगवान राम की मां कौशल्या का जन्म स्थान माना जाता है। 126 तालाबों वाले इस गांव में जलसेन तालाब के बीच में माता कौशल्या का ऐतिहासिक मंदिर स्थित है। प्रभु श्रीराम को गोद में लिए हुए माता कौशल्या की अद्भुत प्रतिमा इस मंदिर को दुर्लभ बनाती है। विभिन्न् शोधपत्रों, अभिलेखों एवं मान्यता अनुसार भगवान श्रीराम ने अपना वनवास काल छत्तीसगढ़ में विभिन्न स्थानों पर व्यतीत किया था।

### अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमा भी

कौशल्या मंदिर के चारों तरफ सुंदर एवं मनमोहक उद्यान है। तालाब के एक ओर बीच में शेषनाग की शैय्या पर विराजित भगवान विष्णु के चरण दबाते मां लक्ष्मी की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र है। दूसरी ओर समुद्र मंथन करते दानव और देवताओं द्वारा वासुकी नाग को मथनी (रस्सी) बनाकर मथते हुए की प्रतिमाएं भक्तों को लुभाती हैं। मंदिर परिसर में बने उद्यान में वैद्य सुषेण की प्रतिमा भी है, जिनके बारे में कहा जाता है कि उन्होंने ही भगवान श्रीराम के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

CMYK

# मुख्यमंत्री अटल मानिटरिंग पोर्टल के माध्यम से केन्द्र एवं राज्य शासन द्वारा किए जा रहे कार्यों की करेंगे मानिटरिंग

**22 जनवरी को अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव के लिए रोशनी तथा आवश्यक व्यवस्था करने के दिए निर्देश - श्रमेव जयते, मुख्यमंत्री निर्माणी श्रमिक योजना तथा मुख्यमंत्री श्रमिक पेंशन योजना से अधिक से अधिक श्रमिकों को लाभान्वित करने की आवश्यकता**




विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में केन्द्र शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन में गति लाने की जरूरत - कलेक्टर

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि सभी विभाग जनहितकारी कार्यों के प्रस्ताव अपने विभागों में भेजे एवं बजट में स्वीकृत कार्यों के लिए प्रक्रिया पूरी करें। उन्होंने कहा कि केन्द्र शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं को विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के क्रियान्वयन में गति लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि केन्द्र शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं को वनाधिकार पट्टा प्राप्त हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए विशेष तौर पर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि चिन्हांकित शहरी एवं ग्रामीण वनाधिकार पट्टा प्राप्त हितग्राहियों की भूमि को भुईयां में प्रविष्टि करें।

आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री जनधन योजना, जाति प्रमाण पत्र, किसान सम्मान निधि, सोलर पंप प्रदाय जैसी योजना से हितग्राहियों लाभान्वित करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के किसानों की संख्या बढ़ी है। सभी पात्र पंजीकृत किसानों को योजनाओं का लाभ मिले। कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, मत्स्य पालन, पशुपालन विभाग में निरस्त किए गए आवेदन का निराकरण करने के निर्देश बैंकर्स को दिए। उन्होंने कहा कि जिले में लगभग 9 हजार दिव्यांगजन हैं, सभी के राशन कार्ड शीघ्रता से बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने दिव्यांगजनों को उपकरण, पेंशन, छात्रवृत्ति सहित शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए शिविर का आयोजन करने के निर्देश दिए। अधिकारियों से दिव्यांगजनों के लिए संवेदनशीलतापूर्वक कार्य करने कहा। 22 जनवरी को अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव के लिए रोशनी तथा आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अटल मानिटरिंग पोर्टल के माध्यम से मुख्यमंत्री केन्द्र एवं राज्य शासन द्वारा किए जा रहे कार्यों की स्वयं मानिटरिंग करेंगे। उन्होंने सभी विभागों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने तथा पोर्टल में एण्ट्री करने कहा। उक्त दिशा-निर्देश कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में दिए।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने गंभीर कुपोषित बच्चों के सुपोषण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। हेल्थ फाईडे अंतर्गत गर्भवती, शिशुवती एवं एनीमिक महिलाओं के खान-पान, टीकाकरण के संबंध में जागरूकता के लिए कहा। इसके साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले को कुपोषित मुक्त जिला बनाने की दिशा में सभी को समन्वित एवं योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की जरूरत है। कलेक्टर ने कहा कि 20 जनवरी को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने की दिशा में परिणाममूलक कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि सिंचाई के रकबे को बढ़ाने के लिए कार्य करना है। अब हर ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर का निर्माण किया जाएगा। जिन स्थानों में प्राकृतिक तरीके से पानी रूकता है, वहां कार्य करें। उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत स्थानीय स्तर पर प्लंबर हेतु कौशल विकास विभाग को प्रशिक्षण देने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि श्रम विभाग की श्रमेव जयते योजना अंतर्गत पंजीकृत श्रमिक एन्ड्राईड फोन के माध्यम से पंजीयन एवं नवीनीकरण भी करा सकते हैं। इसके बारे में अधिक से अधिक जानकारी श्रमिकों को प्रदान करने कहा। मुख्यमंत्री निर्माणी श्रमिक योजना के तहत जिले में 104 तथा मुख्यमंत्री श्रमिक पेंशन योजना के तहत लगभग 75 हितग्राही लाभान्वित किए जा रहे हैं। जिसके अंतर्गत 1500 पेंशन के तौर पर प्रदान किया जा रहा है। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान क्रेडिट योजना की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुरूप से 21 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से किसानों से धान की खरीदी की जाएगी। धान का अवैध परिवहन करने वाले कोचियां एवं बिचौलियों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सभी जिला स्तरीय अधिकारी को धान खरीदी केन्द्रों में निरीक्षण करने कहा। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह, फसल कटाई प्रयोग, उच्च न्यायालय के प्रकरणों सहित शासन की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की।

जिला पंचायत सीईओ अमित कुमार ने कहा कि राजनांदगांव विकासखंड में विकसित भारत संकल्प यात्रा 18 जनवरी को समाप्त होगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ओडीएफ के लिए व्यवहार परिवर्तन करने की जरूरत है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में गति लाने के निर्देश दिए। मनरेगा अंतर्गत श्रमिकों की संख्या बढ़ाने तथा वसूली के प्रकरण तथा लखपति दीदी योजना के संबंध में कहा। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी राजनांदगांव श्रीमती सलमा फारूकी, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर एवं अतिरिक्त परिवहन अधिकारी वीरेन्द्र सिंह, एसडीएम श्री अरूण वर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्री खेमलाल वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### 84 वर्षीय रमेश टेलर्स का निधन



राजनांदगांव (दावा)। स्वर्ग शिवधाम समिति हल्दी के संस्थापक एवं समाजसेवी रमेश देवांगन (रमेश टेलर्स) का आज निधन हो गया। 85 वर्षीय देवांगन की अंतिम यात्रा कल 17 जनवरी को उनके निज निवास दुर्गा चौक (पैराडाइज टेलर्स) से पूर्वान्ह 11 बजे निकलेगी और लखोली मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। शहर में रमेश टेलर्स के नाम से उनकी पहचान रही। हल्दी में सांई शिव धाम बनाने में उनका बड़ा योगदान रहा।

देवांगन समाज को संगठित करने में भी उनकी बड़ी भूमिका रही। वे समाज के अलावा कई धार्मिक संगठनों से जुड़े रहे। उनके निधन से देवांगन समाज में शोक की लहर है। श्री देवांगन अपने पीछे पांच पुत्रों नरेश, दिनेश (अधिवक्ता), श्याम, संतोष, लक्ष्मीनारायण (अधिवक्ता) एवं एक पुत्री वंदना-नूतन सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए। इधर देवांगन समाज ने रमेश टेलर्स के निधन पर शोक जताते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### महेंद्र श्रीवास्तव का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़ विकासखंड के विकासखंड स्त्रोत समन्वयक (बीआरसी) महेंद्र श्रीवास्तव का आकस्मिक निधन मंगलवार की सुबह हो गया। जिनका अंतिम संस्कार माँ बम्लेश्वरी स्थित मुक्तिधाम में किया जाना है। उनकी अंतिम यात्रा उनके निज निवास डोंगरगढ़ से दोपहर 1 बजे निकाली गई।

### श्रीमती लीला जैन के निधन से शोक व्याप्त



राजनांदगांव (दावा)। शहर के जूनी हटरी निवासी श्रीमती लीला जैन (लूणावत) का 15 जनवरी को निधन हो गया। जिससे लूनावत जैन परिवार में शोक व्याप्त है। 77 वर्षीय श्रीमती लीला जैन स्व. लालचन्द जैन जी की धर्मपत्नी थी। वे अपने पीछे भागचन्द जैन (देवर), संजय कुमार व अजय कुमार पुत्र व राजेश कुमार, मनीष कुमार भतीजे, तुषार, लक्ष्य, कुशल व मयन (पौत्र) सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई है। स्वर्गीया लीला जैन जी का उठावना आज बुधवार 17 जनवरी को जूनी हटरी स्थित निवास स्थान में सुबह 10.30 बजे रखा गया है।

# कालेज में ऑनलाईन आवेदन लिए जाने की तिथि 21 जनवरी तक बढ़ी

**सर्वर डाउन व एबीसी क्रेडिट कार्ड बनाने की समस्या के चलते एक सप्ताह बढ़ाई गई तारीख, मार्कशीट लेने वालों की अभी भी उमड़ रही भीड़**

राजनांदगांव (दावा)। कॉलेजों में प्राईवेट व रेगुलर वाले यूजी-पीजी के छात्रों की परीक्षा के लिए ऑनलाईन आवेदन लेना जारी रहा जिसकी अंतिम तारीख 14 जनवरी रहा किन्तु कालेज के विद्यार्थियों के समक्ष ऑन लाइन आवेदन करने में आ रही सर्वर डाउन की समस्या व एबीसी क्रेडिट कार्ड बनाने की समस्या के चलते बहुत से विद्यार्थी 14 तारीख की अंतिम तिथि तक कालेज में आवेदन जमा नहीं कर पाए। इससे उन्हें परीक्षा से वंचित होना पड़ सकता था। इसे देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने फार्म जमा करने की तारीख 21 जनवरी तक बढ़ा दी है। हालांकि रेंगुलर विद्यार्थियों का तो कालेजों में आवेदन जमा करने की कोई परेशानी नहीं रही लेकिन प्राइवेट वाले विद्यार्थियों की परेशानिया बढ़ गई थी जिन्हें अब तारीख आगे बढ़ाए जाने से राहत मिली है।

**एबीसी क्रेडिट कार्ड बनाने की समस्या**

बता दे कि कालेजों में परीक्षा देने के लिए ऑनलाईन आवेदन भरने के साथ विद्यार्थियों को एकेडमिक बैंक आफ क्रेडिट आई डी कार्ड बनवाना जरूरी हो गया था। विद्यार्थी बगैर एबीसी कार्ड बनाए परीक्षा फार्म जमा नहीं कर सकते थे। इधर आधार केन्द्रों में सर्वर डाउन की समस्या व ऑनलाइन आवेदन के साथ एबीसी ई.मित्र क्रेडिट कार्ड बनवाने की परेशानी के चलते बहुत से विद्यार्थी परीक्षा फार्म जमा करने से पिछड़ गए थे। बताया जाता है कि एबीसी क्रेडिट कार्ड बनवाने के लिए विद्यार्थियों का मोबाइल नं., आधार कार्ड से लिंक होना चाहिए लेकिन लिंक नहीं होने के चलते उनका एबीसी क्रेडिट कार्ड बन नहीं पा रहा था। इस सम्बंध में दिग्विजय कालेज के प्रिसिंपल डॉ. के.एल. टाण्डेकर ने बताया था कि एबीसी क्रेडिट कार्ड बनवाना कोई हव्वा नहीं है।

यह विद्यार्थियों का शिक्षण सम्बंधी समूचे दस्तावेजों का डिजीटलाइजी करण है। विद्यार्थियों का शिक्ष्रण सम्बंधी समूचे दस्तावेजों का डिजीटलाइजी करण है। विद्यार्थियों की सहुलियत के लिए कालेजों में दो-दो कांउटर खोल रखे है। लेकिन विद्यार्थी वहा जानकारी लेने आना नहीं चाहते थे। इसके चलते उन्हें परीक्षा फार्म जमा करने में विलंब हो रहा था। बहरहाल उक्त परेशानियों को देखते हुए अब परीक्षा फार्म जमा करने की तिथि एक सप्ताह आगे बढ़ा दी गई है।

**मार्कशीट लेने वालों की भीड़**

दिग्विजय कालेज के रजिस्ट्रार दीपक परगनिहा ने बताया कि कालेज में मार्कशीट लेने वालों की भीड़ खत्म नहीं हुई है। परीक्षा फार्म जमा करने की तिथि आगे बढ़ा दिए जाने से पुरोने विद्यार्थियों का मार्कशीट लेने आना बंद नहीं हुआ है। इसमें से कई तो 10-10 साल के पढ़े हुए विद्यार्थी है। श्री परगनिहा ने बताया कि कालेज में ऑनलाईन आवेदन के पश्चात परीक्षा फार्म जमा करने विद्यार्थियों की संख्या अब तक साढ़े तीन हजार से पार हो गई है। अभी सप्ताह भर और टाइम मिलने से इसकी संख्या और भी बढ़ जाएगी। इधर-यूजी पीजी परीक्षा के लिए कालेज में सेन्टर मिलने से विद्यार्थियों का रेला बढ़ गया है। आवेदन फार्म सहित मार्कशीट वाले काउंटर में भी विद्यार्थियों की भीड़ देखी जा सकती है।

# सामूहिक दवा सेवन तथा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस गतिविधि का क्रियान्वयन 10 से 28 फरवरी तक

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत सामूहिक दवा सेवन तथा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस गतिविधि का 10 से 28 फरवरी 2024 तक क्रियान्वयन किया जाएगा। कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए जिला समन्वय समिति का गठन किया गया है। इसके अंतर्गत विकासखंड डोंगरगढ़ एवं डोंगरगांव में फाईलेरिया (हाथी पांव) जैसे गंभीर बीमारी से बचाव के लिए (2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती माताओं एवं गंभीर बीमार व्यक्ति को छोड़कर) फाईलेरिया से बचाव की दवा खिलाई जाएगी। कार्यक्रम के तहत 10 से 15 फरवरी 2024 तक आंगनबाड़ी, स्कूल, कॉलेज एवं विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में बूथ लगाकर, 16 से 24 फरवरी 2024 तक ड्रग एडमीनीस्टट्रर द्वारा सामुदाय स्तर पर गृह भेंट (घर-घर भ्रमण) कर तथा 26 से 28 फवरी 2024 तक छूटे हुए लाभार्थियों को मॉप-अप राऊंड अंतर्गत दवा का सेवन कराया जाएगा। 10 से 28 फरवरी 2024 तक सभी स्वास्थ्य संस्थानों में एमडीए कार्नर में लाभार्थियों को दवा सेवन कराया जाएगा। संबंधित विभागों को आपसी समन्वय एवं सहयोग करने के निर्देश दिए गए हैं।

# राष्ट्रीय खेलो इंडिया महिला फुटबॉल स्पर्धा में गरिमा का चयन



**छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने वाली जिले से चयनित पहली महिला फुटबॉल खिलाड़ी**

राजनांदगांव (दावा)। आगामी 19 जनवरी से 31 जनवरी तक चेन्नई में आयोजित 6वीं खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023-24 की राष्ट्रीय महिला फुटबॉल स्पर्धा में, शहर की होनहार महिला फुटबॉल खिलाड़ी गरिमा श्रीवास का चयन छत्तीसगढ़ महिला फुटबॉल की टीम में हुआ है।

उनका चयन छत्तीसगढ़ के भिलाई में बीते वर्ष आयोजित प्रथम राज्य स्तरीय महिला खेलो इंडिया फुटबॉल प्रतियोगिता में उनके उत्कृष्ट खेल कौशल के आधार पर हुआ है। गरिमा इससे पहले भी सितम्बर 2023 में उड़ीसा के भुनेश्वर में आयोजित अंडर-17 राष्ट्रीय ओपन फुटबॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर चुकी है। एक के बाद एक कई राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिताओं में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के कारण ही चयन समिति नें उनका चयन महिला राष्ट्रीय खेलो इंडिया स्पर्धा के लिये किया है। गरिमा खेलो इंडिया की महिला राष्ट्रीय स्पर्धा में छत्तीसगढ़ कर प्रतिनिधित्व करने वाली राजनांदगांव जिले से चयनित पहली और एकमात्र महिला फुटबॉल खिलाड़ी है। गरिमा के इस चयन से उनके कोच, साथी फुटबॉल खिलाड़ियों और परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई है। गरिमा श्रीमती मीनू श्रीवास और स्वर्गीय महेश श्रीवास की सुपुत्री है और शॉकर ट्रेनिंग स्कूल राजनांदगांव में कोच तरविंदर सिंह रंधावा और किशोर माहेश्वरी के कुशल मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है।

# विभिन्न मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने सौंपा कलेक्टर को ज्ञापन

**राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ (पंजीयन क्रमांक-249) के द्वारा प्रदेश के कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को शीघ्र पूर्ण किए जाने हेतु मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव, छग शासन के नाम एक ज्ञापन कलेक्टर संजय अग्रवाल को सौंपा गया।**



उक्ताशय की जानकारी प्रदान करते हुए जिला सचिव आनन्दकुमार श्रीवास्तव ने कहा कि संघ के प्रमुख संरक्षक पीआरयादव, अजय तिवारी, प्रांताध्यक्ष जीआर चंद्रा, प्रदेश महासचिव उमेश मुदलियार के निर्देशन व नेतृत्व में, केन्द्र सरकार द्वारा जारी आदेश दिनांक से महंगाई भत्ता में 4 प्रतिशत वृद्धि किए जाने, सातवें वेतनमान का अंतिम छठीं किश्त की राशि पूर्व आदेश के अनुरूप तत्काल जारी किए जाने, अविभाजित मध्यप्रदेश की भांति छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों को भी 240 दिन के स्थान पर 300 दिन का अवकाश नकदीकरण आदेश प्रसारित किए जाने, पूर्व में शासन द्वारा गठित पिंगुवा समिति की की अनुशंसा प्राप्त कर शिक्षक-लिपिक, स्वास्थ्य एवं अन्य सभी संवर्गों के वेतन विसंगति में सुधार हेतु सार्थक कार्यवाही किए जाने, अनियमित, दैनिक वेतन तथा कार्यक्रम कर्मचारियों के नियमितिकरण संबंधी कार्यवाही निर्देश जारी किए जाने, सभी अधिकारी-कर्मचारियों को सेवाकाल में चार स्तरीय वेतनमान जारी किए जाने, सभी संवर्गों के कर्मचारियों की लंबित पदोन्नति प्रक्रिया हेतु पुनश्च निर्देश जारी किए जाने, लिपिकों की अनुकंपा नियुक्ति में दिए गये शर्तें के पालन हेतु दक्षता-परीक्षा छः माह में आयोजित किए जाने, कर्मचारी समस्याओं के समाधान हेतु आयोजित परामर्शदात्री समिति की बैठक निर्धारित समयावधि में किए जाने हेतु निर्देश पुनश्च जारी किए जाने व कर्मचारी संघों को अविभाजित मध्यप्रदेश की भांति स्थायी मान्यता जारी किए जाने की मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

इस अवसर पर अरूण कुमार देवांगन अध्यक्ष, आनंद कुमार श्रीवास्तव सचिव, हरिश भाटिया कार्यकारी अध्यक्ष, कमलेश ढीमर, सुभाष तायवाड़े, श्रीमती संध्या तारम, श्रीमती माया सुरसे, श्रीमती सीमा यादव, भूपेंद्र ठाकुर, श्रीमती बसंती साहू, अनुप्रिया बघेल, संजय साहू, कौशल खोब्रागढ़े, राजेन्द्र जैन, चित्रकांत वर्मा, विकास ठाकुर, श्रीमती इंद्राणी ठाकुर, श्रीमती शोभा रामटेके, धीरेंद्र रंगारी, हेमलाल सिन्हा व अन्य कर्मचारी साथी उपस्थित रहे।

# आज पारीखुर्द मंडई

राजनांदगाव (दावा)। प्रतिवर्षनुसार इस वर्ष भी ग्राम पारीखुर्द में मंडई मेला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मनोरंजन हेतु छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम 'रंग छत्तीसा' पूनम विराट तिवारी का कार्यक्रम रखा गया है। उक्त कार्यक्रम में सरपंच बुद्धेश्वर साहू ने सभी की उपस्थिति की अपील की है.

# सड़क चौड़ीकरण कार्य को पूरा करने की मांग

राजनांदगांव (दावा)। वार्ड नं. 42 के पार्षद ऋषि शास्त्री ने अपने वार्ड सहित 43 नं. वार्ड में सड़क चौड़ीकरण के अपूर्ण कार्य को पूरा करने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। बताया जाता है कि उपरोक्त वार्ड नं. का सड़क चौड़ीकरण का कार्य अब तक पूरा नहीं हो पाया है। जबकि निगम द्वारा कार्यादेश सन् 2017-18 में जारी किया गया है। उपरोक्त दोनों वार्ड की सड़क को काम 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है। किन्तु 10 प्रतिशत भाग को अधूरा छोड़ दिया गया है। अतः निगम को निर्देशित कर उक्त चौड़ीकरण कार्य पूरा कराई जाए।

# छ.ग. भाजपा सरकार का खेलरत्न पुरस्कार दिया जाना स्वागतेय-अशोक चौधरी



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने खेल मंत्री टंकराम वर्मा के द्वारा खेल अलंकरण पुरस्कार जनवरी के अंतिम सप्ताह या फरवरी के प्रथम सप्ताह में देने की घोषणा का स्वागत किया है।

कबड्डी प्रदेश अध्यक्ष श्री चौधरी ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में खेल का सर्वाधिक नुकसान हुआ है। खिलाड़ियों को कोई प्रोत्साहन नहीं दिया गया ।राज्य के खिलाड़ी जो नेशनल करने जाते थे उनको किट भी प्रदान नहीं किया गया खेल संगठनों को वर्ष में संचालन के लिए मिलने वाले राशि तक प्रदान नहीं की गई इसके बाद भी खेल संगठन अपना दायित्व पूरा किए हैं अब भाजपा की सरकार में टंकराम वर्मा जैसे ऊर्जावान मंत्री के संरक्षण में खिलाड़ियों का हौसला बढ़ेगा और शाहिद राजीव पांडे पुरस्कार शहीद कौशल यादव पुरस्कार वीर हनुमान सिंह पुरस्कार एवं शहीद पंकज पुरस्कार मिलने पर खिलाड़ी गौरवान्वित होंगे। अशोक चौधरी ने कहा की की पूर्व में जब भाजपा सरकार थी उत्कृष्ट खिलाड़ी की घोषणा एवं उनके योग्यता अनुसार शासकीय नौकरी प्रदान की जाती थी उसे नियम को भी पुर्व की भांति संचालित किया जाने की आवश्यकता है खेल संगठन और खिलाड़ी पूर्ण अ आशान्वित हैं की उत्कृष्ट खिलाड़ियों को नौकरी अवश्य दी जाएगी ।खेल अलंकरण देने के लिए मुख्यमंत्री श्री साय एवं खेल मंत्री को प्रदेश कबड्डी संघ की ओर से धन्यवाद है।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
0-1-2
890-7 140-5

राजधानी
5-6-7
380-1 228-4

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरुपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक


**कार्यालय संयुक्त संचालक एंव अधीक्षक**

**भारत रत्न. स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालय, राजनांदगांव (छ.ग.)**

क्रमांक/359/स्टीवर्ड/2023 राजनांदगांव, दिनांकः- 15/01/24

**निविदा आमंत्रण सूचना वर्ष 2023-24**

भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय, राजनांदगांव में वाटर फिल्टर सह आर.ओ. एवं वाटर कूलर सिस्टम का वार्षिक रखरखाव (सी.एम.सी) किये जाने हेतु निर्माता कंपनी/अधिकृत प्रतिष्ठानों/अधिकृत डीलरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा के नियम शर्तों का अवलोकन कार्यालयीन समय में कक्ष क्रं. 21 से प्राप्त किया जा सकता है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 500/- रू. वापसी अयोग्य |
| 2 | अमानती राशि | 20,000 /- रू. |
| 3 | निविदा फार्म क्रय करने की तिथि (निविदा प्रकाशन की तिथि से) | दिनांक 02.02.2024 अपरान्ह 05 बजे तक |
| 4 | निविदा प्राप्ति (जमा) की अंतिम तिथि | दिनांक 06.02.2024 दोपहर 12 बजे तक |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 06.02.2024 दोपहर 01 बजे तक |

जी- 071381/2

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव (छ.ग..)



dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
श्री सांई गुरू फिल्म प्राडक्शन कृत
माटी पुत्र
(छत्तीसगढ़ी भाषा में)
कलाकार - शिवा साहू, मुस्कान साहू, क्रांति दीक्षित, पुष्पेन्द्र सिंह, अंजली चौहान आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com



SILVER SCREEN Multiplex
12th Jan to 18th Jan 2024




Merry Christmas - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm
Captain Miller - 03:15 and 09:15 pm
Hanu-man - 12:00, 03:00, 06:00 and 09:00 pm
Dunki - 06:15 pm
Salaar - 12:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G.) 8085600200

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायत खपरीकला में कार्यक्रम आयोजित





**○ कार्यक्रम में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत श्रीमती सरिता को मिला गैस सिलेण्डर**
**○ श्रीमती गणेशी साहू को आयुष्मान कार्ड से निःशुल्क ईलाज और जल जीवन मिशन योजना से पीने का मिला शुद्ध पेयजल**
**○ लाभार्थियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत अपने उपलब्धि एवं अनुभव किए साझा**

राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार की योजनाओं को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत जिले के सभी ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत खपरीकला में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मोबाईल वैन पहुंची। मोबाईल वैन के माध्यम से ग्रामीणों को केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और केन्द्र सरकार की योजनाओं से लाभ प्राप्त कर रहे हितग्राहियों से सीधे संवाद कर प्रतिक्रिया जानी गई। इस दौरान सभी ने विकसित भारत के निर्माण के लिए शपथ ली। कार्यक्रम में कृषि विभाग द्वारा ग्राम खपरीकला के किसान श्री गैंदलाल साहू के खेत में ड्रोन डेमोंस्ट्रेशन से नैनो यूरिया के छिड़काव का प्रदर्शन किया गया एवं आधुनिक खेती के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। धरती कहे पुकार के अंतर्गत जय संतोषी मां स्वसहायता समूह की महिलाओं ने जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए नाट्य प्रस्तुति दी तथा रासायनिक खेती के दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में मांग और शिकायतों के संबंध में आवेदन भी लिया गया। इसके अंतर्गत कार्यक्रम में लगभग 90 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस अवसर पर जनपद सदस्य राजनांदगांव श्री गणेश राम साहू, सरपंच श्री ललित कुमार सहित ग्राम पंचायत के पंचगण, बड़ी संख्या में हितग्राही एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

केन्द्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी पहल के तहत अपने विचार व्यक्त किए। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थी श्री भिखम साहू ने बताया कि इस योजना के तहत प्रत्येक वर्ष 6 हजार रूपए मिलता है। इसका लाभ सभी किसानों को लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि वे ग्राम के अन्य किसानों को इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित करते हैं। श्री सूदन साहू ने बताया कि वे पढ़ाई करते हैं। उनके नाम पर ढाई एकड़ जमीन है। श्री सूदन ने बताया कि उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से राशि मिली है। जिसका उपयोग वे पढ़ाई और खेती-किसानी में करते हैं। इस योजना के तहत राशि मिलने पर श्री सूदन ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित किया है। ग्राम खपरीकला निवासी श्रीमती गणेशी साहू ने बताया कि केन्द्र सरकार की योजना आयुष्मान कार्ड और जल जीवन मिशन योजना का लाभ मिला है। जिससे उन्हें निःशुल्क ईलाज और पीने के शुद्ध पानी मिलता है। श्रीमती गणेशी ने कहा कि पहले पानी लाने के लिए दूर जाना पड़ता था। सबसे ज्यादा बारिश के दिनों समय समस्या होती थी। अब जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत घर में नल लगने से शुद्ध पेयजल की सुविधा मिली है। जिससे उन्हें अन्य कार्यों के लिए समय की भी बचत होती है। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के लाभार्थी श्रीमती गितेश्वरी साहू, श्रीमती इंदूमती साहू और श्रीमती राधा पटेल ने बताया कि योजना के अंतर्गत उन्हें राशि मिली है। जिसे उन्होंने स्वयं और अपने बच्चे के पोषण आहार में खर्च किया है। जिससे उनका बच्चा स्वस्थ है। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी श्रीमती बिमला साहू सहित केन्द्र सरकार की योजना से लाभार्थियों ने भी योजना के संबंध में विचार व्यक्त किए और ग्रामीणों को इन योजनाओं से लाभान्वित होने की बात कही। सभी लाभान्वित हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

कार्यक्रम में ग्राम मकरनपुर निवासी श्रीमती सरिता को उज्जवला योजना के अंतर्गत गैस सिलेण्डर सहित चूल्हा सेट प्रदान किया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टाल में केन्द्र सरकार की योजनाओं और सुपोषण के संबंध में जानकारी दी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई कार्यक्रम अंतर्गत गर्भवती माताओं को सुपोषण किट प्रदान किया। कृषि विभाग के स्टॉल में किसानों को प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया गया तथा जैविक कीटनाशक के उपयोग करने के संबंध में जानकारी दी गई।

स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में मरीजों की सिकलिन जांच, टीबी, स्क्रीनिंग, शुगर जांच, ब्लड प्रेशर जांच, रक्त परीक्षण किया गया तथा उन्हें निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया। इस दौरान ग्रामीणों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया और वितरण किया गया। स्टाल में बड़ी संख्या में अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में खाद्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत हितग्राहियों का केवाईसी किया गया। राजस्व एवं आपदा विभाग द्वारा विभागीय योजना के संबंध में जानकारी दी गई।

## सूखा नाला बैराज का पानी खुलवान की मांग



राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम बहमनीभांठा के निवासियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर सूखा नाला बैराज का मीटर पानी खुलवाने की मांग की है।

बम्हनी भांठा के ग्रामीण ओंकार साहू, वीर सिंग, दुलेचन्द, लखन साहू ने कलेक्टर को सौंपे अपने ज्ञापन में कहा कि उक्त बैराज के अंतर्गत अरसीटोला, टप्पा मार्ग पर पुल निर्माण का कार्य प्रारंभ हो चुका है। लेकिन सूखा नाला बैराज पर पानी भराव होने के कारण ठेकेदार सुरेश अग्रवाल द्वारा पुल निर्माण नहीं किया जा रहा है। जिससे आसपास के ग्राम वासियों को आवागमन सम्बंधी असुविधा हो रही है। अतः तत्काल सूखा नाला बैराज का पानी खुलवाने की व्यवस्था की जाए।

## सीटीबी फाउंडेशन के कैलेंडर का विमोचन किया गया




**0 जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह व जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने किया विमोचन**
**0 छत्तीसगढ़ मुस्लिम तेली बिरादरी (सीटीबी) पिछले 3 वर्षों से वार्षिक कैलेंडर निकाल रही**

खैरागढ़ (दावा)। जरूरतमंद लोगों के हित में अनवरत बेहतर कार्य कर मानव सेवा के क्षेत्र में मिसाल कायम कर रही छत्तीसगढ़ मुस्लिम तेली बिरादरी (सीटीबी फाउंडेशन) के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन सोमवार 15 जनवरी को सिविल लाइन स्थित जिला भाजपा कार्यालय में प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य एवं जिला पंचायत राजनांदगांव उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह व जिला केसीजी भाजपा अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सभापति घम्मन साहू की विशेष मौजूदगी में किया गया. जानकारी अनुसार मुस्लिम तेली बिरादरी जिला केसीजी अध्यक्ष अय्यूब सोलंकी ने सर्वप्रथम सीटीबी फाउंडेशन के अनवरत तीसरे वर्ष के कैलेंडर विमोचन के पश्चात जिला पंचायत राजनांदगांव उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह और जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू को अपने मुस्लिम तेली बिरादरी समाज के बारे में व सीटीबी फाउंडेशन के जनहित में किये जा रहे उल्लेखनीय कार्यों से अवगत कराया और बताया कि सीटीबी फाउंडेशन द्वारा शिक्षा, स्वास्थ और रोजगार मिशन के तहत समाज के जरूरतमंद लोगों को बीते कई वर्षो से निरंतर मदद की जा रही है।।विमोचन पश्चात जिला पंचायत राजनांदगांव उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने बेहतर कार्य करने के लिये मुस्लिम तेली बिरादरी की तारीफ़ की और भविष्य में भी नेक काम करने की शुभकामनाओं सहित तेली समाज व सीटीबी फाउंडेशन को जरूरत पड़ने पर हर संभव सहयोग व सहायता प्रदान करने आश्वासन दिया।

जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने भी मुस्लिम तेली बिरादरी सीटीबी फाउंडेशन के द्वारा जरूरतमंद लोगों के हित में निःस्वार्थ भाव से किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा की और उन्होंने भी सीटीबी फाउंडेशन को नेक काम में हरसंभव मदद की बात कही. कैलेंडर विमोचन के दौरान तेली बिरादरी खैरागढ़ से सीटीबी फाउंडेशन जिला अध्यक्ष अय्यूब सोलंकी, खैरागढ़ जामा मस्जिद के सदर अरशद हुसैन डब्बू, जामा मस्जिद के उपाध्यक्ष जफर हुसैन खान, सचिव सैय्यद अल्ताफ अली, वरिष्ठ सदस्य कदीर कुरैशी, तेली समाज के वरिष्ठ सदस्य सलीम सोलंकी, जफर झाडूदिया सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व नपा उपाध्यक्ष रामाधार रजक, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष विकेश गुप्ता, भाजपा मंडल महामंत्री आलोक श्रीवास, जिला भाजपा मंत्री ज्ञानदास बंजारे, मंडल भाजपा उपाध्यक्ष आशीष सिंह गहरवार व युवा भाजपा नेता शशांक ताम्रकार शेंकी सहित जिला मुस्लिम समाज केसीजी के सचिव मो. याहिया नियाज़ी उपस्थित थे।

## दो सटोरिया से दो हजार रु. जप्त





डोंगरगढ़ (दावा)। थाना डोंगरगढ़ द्वारा अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ की जा रही कार्यवाही के तहत दो आरोपीगण से सट्टा-पट्टी सहित कुल 2080 रू. की जप्ती की गई। पुलिस द्वारा आगे भी असमाजिक तत्वों एवं अवैध कारोबार में संलिप्त रहने वालों के विरूद्ध कार्यवाही जारी रखने की बात पुलिस द्वारा की गई है। पकड़े गए आरोपी ने सौरभ राय पिता संतोष राय उम्र- 27 साल निवासी कालका पारा, आई रमा नगर, हेमलाल कुंजाम पिता बुधिराम कुंजाम उम्र- 54 साल निवासी ग्राम मेढ़ा शामिल है।

थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक भरत बरेठ ने बताया कि मुखबीर सूचना पर घेराबंदी कर अपराध क. . -29/2024 धारा- छग जुआ (प्रतिशोध) अधिनियम 2022 धारा-6 आरोपियों पर कार्यवाही की गई। आरोपी रेलवे चौक डोंगरगढ़ के पास कोरे कागज में अंकों के सामने रूपये-पैसों का दांव लगाकर सट्टा लिख रहा था। दूसरा आरोपी हेमलाल कुंजाम ग्राम मेढ़ा बाजार चौक के पास कोरे कागज में अंकों के सामने रूपये-पैसों का दांव लगाकर सट्टा लिख रहा था। दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी भरत बरेठ, उप निरीक्षक रामेश्वरी बघेल, प्रधान आरक्षक दीपचंद वर्मा, महिला आरक्षक श्रद्धा बाघमारे एवं महिला आरक्षक अशोक (नेहा) की सराहनीय भूमिका रही।

## श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के लिए राम रथयात्रा का हुआ शुभारंभ

### चारों विधानसभा क्षेत्रों में करेगी भ्रमण



राजनांदगांव (दावा)। श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के लिए राम रथ यात्रा का शुभारंभ टेडेसरा के भोलेनाथ के मंदिर से प्रारंभ हुआ 154 किलोमीटर की इस यात्रा में यात्रा के संयोजक मूलचंद लोधी एवं सहसंयोजक रवि सिन्हा, चुन्नी यदु एवं अन्य साथीगण के नेतृत्व में यात्रा प्रारंभ हुई। यात्रा विभिन्न ग्रामीण क्षेत्र से होती हुई राजनांदगांव भाजपा कार्यालय पहुंची, जहां पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रमेश पटेल ने यात्रा का अभूतपूर्व स्वागत किया। स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव, सावन वर्मा, कोमल सिंह राजपूत, रघुवीर सिंह वाधवा, दीनू, त्रिगुण टांक, पारुल जैन, पूर्णिमा साहू, कृष्णा तिवारी, कमलेश सूर्यवंशी, प्रदीप आचार्य, एकता अग्रहरि एवं अन्य लोग शामिल हुए।

यात्रा में अभूतपूर्व उत्साह का वातावरण स्वस्फूर्त रहा। भगवान श्रीराम के मंदिर बनने की खुशी हर हिंदू के मन में दिखी और हर कोई इस कार्यक्रम का हिस्सा बनकर अपनी उपस्थिति दर्ज करने के लिए आतुर दिखा। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य यह बताना है कि राम मंदिर 500 साल के संघर्ष की गाथा है, अनेक बलिदानों का परिणाम है। मंदिर निर्माण के लिए अनेक लोगों ने प्राणों की आहुति भी दी है। उन बलिदानों को याद करने का अवसर आज आया है। इस संदेश को घर-घर पहुंचने का कार्य रथयात्रा के माध्यम से किया जाएगा और 22 तारीख को उत्सव का वातावरण पूरे देश में बने इस बात का संदेश इस यात्रा के माध्यम से दिया जाएगा। प्रथम दिवस यह यात्रा डोंगरगांव पहुंच चुकी है और हजारों रामदूत लगातार टेडेसरा से डोंगरगांव में रात्रि विश्राम कर कल सुबह 10 बजे विभिन्न मार्गो से होते हुए डोंगरगढ़ पहुंचेंगे।

## संयुक्त जांच दल ने 203 कट्टे धान का अवैध भंडारण की बनाई जप्ती



खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 के प्रावधानों के तहत जिले में गठित सयुंक्त जाँच दल ने बड़ी कार्रवाई की है। जाँच दल ने तीन अलग-अलग जगहों पर दबिश देकर धान का अवैध भंडारण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 203 कट्टा (82 क्विंटल) की जप्ती बनाई है। जनकारी अनुसार खैरागढ़ के बिजलदेही स्थित माँ कृषि केंद्र के प्रो. त्रिसंसम सिंह के करोबर परिसर में जांच के दौरान अवैध ढंग से 50 कट्टे धान (वजन 20 क्विंटल) पाया गया। इसी तरह बाजार अतरिया के धरमी चंद जैन ट्रेडरस के प्रो. श्री धरमी चंद जैन के गोदाम परिसर में 63 कट्टे धान (वजन 25 क्विंटल) अवैध ढंग से रखा गया था और आगर चंद पारख ट्रेडर्स अतरिया प्रो. संतोष पारख के गोदाम कारोबार परिसर में अवैध धान 90 कट्टे (वजन 36 क्विंटल) भंडारित पाया गया। जिस पर छग कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई करते हुए 203 कट्टा (82 क्विंटल) की जप्ती बनाई है। इस दौरान सयुक्त जांच दल में खाद्य जिला अधिकारी भुवनेश्वर चेलक, मंडी सचिव पवन सोनकर, रघुराज सिह एवं खाद निरिक्षक विनोद सागर, मंडी उप निरिक्षक सुरेश सिह बघेल एवं राम किशुन सिंह उपस्थित थे।

## गायत्री स्कूल, फ्रेंक ब्रदर्स व कुरुक्षेत्र ने जीते अपने-अपने मैच

**स्टेट स्कूल में आयोजित 7 ए साइट फुटबॉल प्रतियोगिता**

राजनांदगांव (दावा)। मार्निंग इलेवन के तत्वावधान में आयोजित स्टेट हाई स्कूल मैदान में जिला स्तरीय 7ए साइट फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन बड़े ही धूमधाम से किया गया। इस उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष इरफान शेख रहे तथा अध्यक्षता मदन यादव ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप मे प्रिंस भाटिया व हैरी जोसेफ़ उपस्थित रहे। आज के उद्घाटन मैच में शानदार 3 मैच खेले गए। जहाँ पहला मैच गायत्री स्कूल विरुद्ध टेड़ेसरा के मध्य खेला गया। जहाँ गायत्री स्कूल एकतरफा मुकाबले मे 4-0 से विजयी रही। दूसरा मैच रॉयल किड्स विरुद्ध कुरुक्षेत्र के मध्य खेला गया। इस मैच में बहुत ही रोमांचक रहा। जिसमें कुरुक्षेत्र ने रॉयल किड्स को 3 के मुकाबले 1 गोल से पराजित कर अपनी आगे की राह टूर्नामेंट में आसान बनाई... उद्घाटन दिवस का अंतिम मैच फ्रैंक ब्रदर्स विरुद्ध डोंगरगांव के मध्य खेला गया जो एकतरफा रहा जिसमें फ्रैंक ब्रदर्स की टीम ने डोंगरगांव को 6-0 से हराकर अगले क्रम में जगह बनाई।

आज चार मैचः पहला मैच - रेंगाकठेरा विरुद्ध करण इलेवन, दूसरा मैच -रीयूनाइटेड विरुद्ध छुईखदान, तीसरा मैच -फ्रैंक ब्रदर्स ए विरुद्ध मानपुर, चौथा मैच -जूनियर क्लब विरुद्ध पटेवा के विरुद्ध खेला जायेगा।

## मकर संक्राति के अवसर पर करणी सेना छत्तीसगढ़ ने की खारुन गंगा महाआरती



खैरागढ़ (दावा)। मकर-संक्रांति पर्व के अवसर पर सोमवार के दिन रायपुर के महादेव घाट पर मकर संक्रांति के उपलक्ष्य पर करणी सेना अध्यक्ष एवं संस्थापक आयोजक माँ खारुन गंगा महाआरती समिति वीरेन्द्र सिंह तोमर के नेतृत्व में करणी सेना छत्तीसगढ़ एवं माँ खारुन गंगा महाआरती महादेव घाट जनसेवा समिति द्वारा सूर्य उत्तरायण पर्व धूमधाम से खारुन नदी की महाआरती करके मनाया गया। मौसम के नव परिवर्तन के इस उल्लासपर्व में जहाँ सूर्योदय के साथ आकाश पतंगों की चकाचौंध से सजा रहा वहीं सूर्यास्त को खास बनाया बनारस की तर्ज पर प्रतिमाह होने वाली खारुन गंगा महाआरती ने। संपूर्ण विधि विधान से मंत्रोच्चारों के बीच हुई खारुन गंगा आरती ने समस्त दर्शनार्थियों का मन मोह लिया।

ज्ञात हो कि गत माह 26 दिसंबर को पूर्णिमा की संध्या पर खारुन गंगा महाआरती का वार्षिकोत्सव अत्यंत भव्यता के साथ मनाया गया था। जिसमें वृहद संख्या में शहर भर के श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही थी।

## आदिवासी मुख्यमंत्री के राज में दर दर भटकने को मजबूर नक्सल पीड़ित आदिवासी परिवार



मोहला (दावा)। प्रदेश में सरकार का आना- जाना लगा हुआ है, किंतु नक्सल प्रभावित पीड़ित परिवारों को संपूर्ण न्याय दिलाने में शासन प्रशासन की रुचि नहीं दिखाई पड़ रही है। मोहला-मानपुर, अम्बागढ़ चौकी जिले के विभिन्न गांव में निवासरत नक्सली हिंसा में सताये लोगों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर पुनर्वास नीति के तहत लाभ दिए जाने की गुहार लगाई है। ज्ञापन की प्रति मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, गृहमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष को प्रेषित कर योजना का लाभ दिलाने निवेदन किया गया है।

### शासन का आदेश का अवहेलना कर रहा है प्रशासन

शासन द्वारा 2004 मे राज्य के नक्सल हिंसा से पीड़ित परिवारों के लिए पूनर्वास योजना बनाई है जिसे समय समय पर संसोधन कर नीति में शासकीय नौकरी, मकान, आर्थिक सहयता राशि स्वरोजगार जैसे अन्य सुविधा देने का प्रावधान है, योजना का लाभ लेने 15 वर्षों से पीड़ित परिवारों ने अपने अधिकारों को लेकर कलेक्टर पुलिस अधीक्षक से लेकर मुख्यमंत्री तक पत्राचार कर चुके है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुआ।

आज फिर पीड़ित परिवारों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौपकर योजना का लाभ दिलाने निवेदन किया व पीड़ितों ने बताया की हमारे द्वारा योजना का लाभ पाने राजधानी रायपुर मे प्रदर्शन किया था तब भाजपा सरकार डॉ रमन सिंह जी ने हमारे समर्थन मे व्यान जारी कर पूर्व कांग्रेस सरकार की नियत और नीति पर सवाल किया था अब भाजपा डॉ. रमन सिंह की सरकार है रमन सरकार हमें पूनर्वास करे अन्यथा भाजपा सरकार के खिलाफ सड़क पर उरतने को मजबूर रहेंगे.

## राज्य स्तर कुराश प्रतियोगिता में अजीज पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का जलवा



भिलाई (दावा)। रूंगटा पब्लिक स्कूल भिलाई में राज्य स्तरीय कुराश प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें अजीज पब्लिक स्कूल के विद्यार्थि धनेंद्र साहू (कक्षा 8वीं), तथा अरिशा खान(कक्षा 7 वी) नेगोल्ड मेडल जीता एवं राष्ट्र स्तर कुरश प्रतियोगिता जो 8 जनवरी को दिल्ली मेंहोनेजा रही ही है उसके लिए चयनित हो गए। कोच तेजश राहुल की सफल निर्देशन और खेल के प्रति समर्पण ने विद्यार्थियों को येजीत हासिल करनेमें प्रशिक्षित किया। प्राचार्या सचिन पाल सिंह ठाकुर ने छात्रों की इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हार्दिक बधाई दी तथा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। स्कूल की कार्यकारी निदेशक श्रीमती तनाज अजीज ने छात्रों को बधाई दी तथा उनकी मेहनत और खेल के प्रति लगन की सराहना करते हुए छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सहानुभूतिपूर्वक सुनी नागरिकों की समस्याएं

**प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के दिए निर्देश**



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारीपूर्वक जनसामान्य की समस्याओं को सुनने के साथ ही प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जनदर्शन कार्यक्रम में आये जनसामान्य की समस्याओं को सहानुभूतिपूर्वक सुनने के साथ ही आवेदन प्राप्त किए। कलेक्टर से राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सिंघोला के किसान श्री नारा साहू ने भेंट की और बताया कि परिवार में जमीन का बटवारा नहीं हुआ है एवं उनके भाई बिना उनके सहमति के धान की बिक्री कर रहे हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को खाता विभाजन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परिवार में खाता विभाजन नहीं होने से धान की बिक्री के दौरान इस तरह की दिक्कत आती है। दिव्यांग श्री चुम्मन लाल साहू ने ट्राईसिकल के लिए आवेदन किया। श्री भागवत प्रसाद तिवारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान निर्माण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया।

प्राप्त सभी आवेदनों को संबंधित विभागों में भेजे जाने की कार्रवाई की जा रही है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अमित कुमार, वनमंडलाधिकारी राजनांदगांव श्रीमती सलमा फारूकी, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर एवं अतिरिक्त परिवहन अधिकारी वीरेन्द्र सिंह, एसडीएम अरूण वर्मा, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### स्वामी परमार्थ जी महाराज के सानिध्य में इंटीग्रेटेड योग शिविर का शुभारंभ



डोंगरगढ़ (दावा)। स्वामी परमार्थ जी महाराज के सानिध्य में इंटीग्रेटेड योग शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मां बमलेश्वरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, विनोद खांडेकर पूर्व विधायक, अनिल गट्टानी उपाध्यक्ष मां बमलेश्वरी ट्रस्ट समिति, श्री एडे प्रशिक्षक, संजय प्रभारी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।सफल आयोजन हेतु योग टीम को उपस्थित जनों द्वारा साधुवाद, बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

### पाडेटोला में 25 को शाकंभरी जयंती

डोंगरगांव (दावा)। अंचल के ग्राम पांड़ेटोला में आगामी 25 जनवरी को शाकंभरी जयंती का आयोजन किया गया है. इसमें पांच कुंडीय गायत्री यज्ञ और संध्या में पंडवानी का कार्यक्रम आयोजित है. मरार पटेल समाज के प्रमुख भूखन पटेल, बोहरू पटेल, मनीराम माली एवं जयनारायण पटेल आदि ने इसकी जानकारी देने हुए अधिक से अधिक संख्या में आयोजन का लाभ लेने कहा है.

### आज खामतराई में कबीर सत्संग समारोह का समापन

हरदी (दावा)। ग्राम खामतराई में प्रवचनकर्ता धर्माधिकारी सुधाकर साहेब लहर तारा खरसिया के तीन दिवसीय कबीर सत्संग समारोह के आज 17 जनवरी को समापन के अवसर पर कांकेर लोक सभा क्षेत्र के सांसद मोहन मंडावी मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम के अध्यक्षता करेंगे बिरेंद्र साहू पूर्व विधायक गुण्डरदेही, विशेष अतिथि टिनेशवर लाल बघेल भाजपा मंडल खेरथा, किशोरी साहू जिला भाजपा बालोद, चेमन देशमुख, रमेश सोनवानी, पोषण बनपेला, हरीश कटझरे, धन्ना लाल विश्वकर्मा, मीना बाई कश्यप सरपंच, रोशनलाल बघेल उपसरपंच होंगे। कबीर सत्संग समारोह के इस कार्यक्रम में क्षेत्र के आम जनता से अपील है अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनाएं उक्त जानकारी नरतूराम साहू ने दी।

### भरदा (ट) में 18 को मड़ई मेला

हरदी (दावा)। ग्राम भरदा (ट) में 18 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। ग्रामवासी के मनोरंजन के लिए रात्रि में गोपी किशन छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी चरोटा अंगारी (बालोद) वालों की प्रस्तुति होगी, यह जानकारी ग्राम के ईश्वर लाल देवांगन ने दी।

### मुजगहन मड़ई मेला 21 को

हरदी (दावा)। ग्राम मुजगहन में 21 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। ग्रामवासीयों के मनोरंजन के लिए रात्रि में मां के ममता छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी ग्राम चिखली बांधाबाजार मोहला मानपुर वालों का कार्यक्रम रखा गया है। उक्त जानकारी ग्राम के कमल नारायण देशमुख व मिश्र कुमार सिन्हा ने दी।

### कलकसा मंड़ई 18 को

कलकसा (दावा)। विकासखंड डोंगरगढ़ के ग्राम कलकसा में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी 18 जनवरी 2024 दिन गुरुवार को ग्राम में मंडाई मेला का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें रात्रि में दर्शकों के मनोरंजन के लिए 'छेड़िया भरदा' वालों का छत्तीसगढ़ी नाच का कार्यक्रम रखा गया है। गांव के प्रमुख नरोत्तम सिंह कुंजाम, दयाराम मंडावी, पंचम नेताम, अशोक दास साहू ने क्षेत्र के दर्शकों से अपील किया जाता है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम का आनंद लेवे।

### आज पुरैना मड़ाई

कलकसा (दावा)। विकासखंड डोंगरगढ़ के पुरैना (मनकी) में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी 17 जनवरी 2024 दिन बुधवार को ग्राम में मंडाई मेला का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें रात्रि में दर्शकों के मनोरंजन के लिए छेड़िया बालोद वालों का छत्तीसगढ़ी नाच का कार्यक्रम रखा गया है। गांव के प्रमुख, भोंदूराम, चंद्रकुमार नेताम (चंदू), बिसून वर्मा, कमल किशोर वर्मा, बिसेसर वर्मा, महेंद्र वर्मा, बावन वर्मा, ताराचंद नेताम (सरपंच) ने क्षेत्र के दर्शकों से अपील किया जाता है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम का आनंद लेने की अपील की।

## खेल आयोजन को लेकर डोंगरगांव शिक्षा विभाग एक बार फिर विवादों में

**जिला स्तरीय आयोजन की तारीख बदली, 22 को टूर्नामेंट प्रारंभ**

डोंगरगांव (दावा)। शिक्षा विभाग इन दिनों अपनी लापरवाही और अव्यवस्था के लिए लगातार अखबार की सुर्खियों में बना हुआ है. विकासखंड शिक्षाधिकारी डोंगरगांव द्वारा जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता ब्लॉक के ग्राम बड़गांव चारभांठा में 17 से 19 तक घोषित किया गया था, जिसमें संशोधन करते हुए 22 से 24 जनवरी का आदेश निकाला गया है. चूंकि 22 जनवरी को पूरे देश में अयोध्या राम मंदिर को लेकर उत्साह देखा जा रहा है, ऐसे में पालकों और शिक्षकों ने अपना विरोध दर्ज करते हुए इस खेल आयोजन के तिथी परिवर्तन को लेकर आक्रोशित हैं. सभी का एक स्वर में कहना है कि 22 जनवरी 2024 प्रभु श्रीराम रामलला के प्राण प्रतिष्ठा ऐतिहासिक व गौरवशाली क्षण है. 22 जनवरी देश के सभी हिन्दुओं के लिए काफी महत्वपूर्ण है, ऐसे में शिक्षा विभाग व्दारा इस तरह खेल प्रतियोगिता के लिए जानबूझकर यह दिनांक दिया जाना हिन्दुओं के भावनाओं को आहत करता है. इधर शिक्षा विभाग के कुछ कर्मचारियों से मिली जानकारी के अनुसार अतिथियों की अनुपलब्धता के चलते दिनांक में फेरबदल किया गया है और यह दिनांक भी आगे पीछे किया जा सकता है. बता दें कि इसके पूर्व डोंगरगांव शहर में हुए जोन स्तरीय और ब्लॉक स्तरीय खेलों में भारी अनियमितता देखी गई थी, जिसमें बच्चों के लिए भोजन, आवास यहां तक पीने के पानी के लिए परेशान होना पड़ा था. वहीं किसी भी स्थानीय जनप्रतिनिधि को भी इस प्रतियोगिता में आमंत्रित नहीं किया. जोन स्तरीय और ब्लॉक स्तरीय खेल को बगैर प्रचार प्रसार के किया गया, जिसमें विभाग की काफी बदनामी हुई थी, जिसके बाद भी स्थानीय प्रशासन और शिक्षा विभाग ने सबक नहीं लिया है. एक ओर जहां पूरा देश 22 जनवरी को विभिन्न धार्मिक आयोजनों में व्यस्त रहेगा, वहीं दूसरी ओर विभाग के शिक्षकों और बच्चों को जिला स्तरीय खेल में उलझाकर उन्हें धर्म से दूर करने का प्रयास किया जा रहा है ।

## लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते वाले के विरुद्ध चालानी कार्यवाही, मोटरयान अधिनियम के तहत किया गया कार्यवाही



**जिले में यातायात नियमों का पालन करने पुलिस अधीक्षक की अपील**

खैरागढ़ (दावा)। जिले के पुलिस कप्तान सुश्री अंकिता शर्मा (आईपीएस) के निर्देशन में जिले की यातायात व्यवस्था को सुचारु से संचालित करने जिले के सभी थानों को आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त हुआ है,जिसके परिपालन में जिले के सभी थानों द्वारा आवश्यक वाहन चेकिंग पॉइंट लगाकर विधि विरुद्ध वाहन चलाने वाले तथा यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करते चलानी कार्यवाही किया जा रहा है।। इसी तारतम्य में थाना खैरागढ़ पुलिस चैकिंग पॉइंट में एक मोटर सायकल चालक द्वारा खतरनाक व तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक मोटर साइकल चलाते तेज आवाज वाले सलेन्सर मिला जिनका का नाम पता साकेत साहू पिता जगनू साहू उम्र 19 साल निवासी ढोलिया कन्हार थाना खैरागढ़ बताया । जिनसे वाहन संबंधी दस्तावेज एवं स्वयं का ड्राइविंग लाइसेंस पेश करने कहने पर स्वयं के पास किसी प्रकार के वाहन संबंधी कागजात तथा स्वयं का वाहन चलाने का किसी प्रकार का लाइसेंस नहीं होना बताया वाहन चालक के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम की धारा 3/181, 184, 190(2) एवं 50(2)/177 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत पंचनामा तैयार किया गया, जो पृथक से इस्तगासा न्यायालय पेश किया जाता है।।

पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के समस्त नागरिकों से अपने वाहन के मुताबिक समस्त उचित दस्तावेज एवं लाइसेंस तथा दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट तथा चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने की अपील किया तथा जिले में यातायात नियमों का पालन कर किसी प्रकार की होने वाली संभावित दुर्घटनाओं पर विराम लगाने में अपनी सहयोगिता प्रदान करने की आग्रह किया।

## सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत स्कूली बच्चों को दी यातायात नियमों की जानकारी




**नियमों की पालना कर जीवन की रक्षा का दिया संदेश**

गंडई पंडरिया (दावा)। सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत स्कूली बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। इस दौरान नियमों की पालना कर जीवन की रक्षा का संदेश दिया गया। गंडई पुलिस की ओर से सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। सप्ताह के दौरान सड़क सुरक्षा को लेकर विभिन्न प्रकार के जागरूकता तथा समझाइश के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। जिला पुलिस अधीक्षक निर्देश में मनाए जा रहे सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत सोमवार को नगर के कन्या शाला शासकीय उच्चतर माध्यमिक विधालय मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए उनकी पालना करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही यातायात नियमों के उल्लघंन के कारण होने वाली परेशानियों तथा दंडात्मक कार्रवाई की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के गंडई थाने के स्टाफ उपस्थित विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा सप्ताह की जानकारी देते हुए उपस्थित बच्चों को दोपहिया वाहन पर केवल एक या दो ही सवारी बैठने, वाहन संचालक के दौरान निर्धारित गति में वाहन चलाने, वाहनों को ओवरटेक नहीं करने, अपने वाहन को निर्धारित स्थान पर ही पार्क करने के लिए प्रेरित किया।

## श्रीराम के तप को जपने वाला मनुष्य दिव्यता प्राप्त होती है-अरुण यादव



बांधाबाजार (दावा)। अंबागढ़ चौकी विकासखंड के ग्राम जोरातराई में दो दिवसीय मानस गायन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। समापन समारोह में जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने यहां रामकथा के रस का आनंद लेने के बाद कहा कि, श्रीराम के तप को जपने वाला मनुष्य दिव्यता प्राप्त करता है।

मर्यादा पुरुषोत्तम का जीवन और महाकाव्य से प्रेरणा लेकर एक सफल जीवन जिया जा सकता है। मानस गायन प्रतियोगिता का आयोजन शिवमानस गायन परिवार व ग्रामीणों के संयुक्त तत्वधान में संपन्न हुआ। दूर-दराज की मंडलियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लेकर श्रेष्ठ प्रस्तुतियां दी। दो दिनों तक श्रीराम कथा के सुमधुर गायन से लोग लाभांवित होते रहे। समापन समारोह में मुख्यअतिथि जि प स अरुण यादव ने मंडलियों को पुरुस्कारों का वितरण किया। उन्होंने कहा कि, ग्रामीण क्षेत्र में मानस गायन, रामायण सम्मलेन-प्रतियोगिता की बड़ी महत्वता है। धार्मिक आयोजन के सहारे हम समाज में सकारात्मक विचारों के प्रसार पर जोर देते हैं। कलाकारों की मेहनत ऐसे आयोजनों को और भी विशेष बना देती है।

आयोजकों को प्रोत्साहन मिलना चाहिए ताकि ऐसे कार्यक्रम होते रहे और धर्म की ज्योत की कीर्ति फैलती रहे। इस कार्यक्रम में, योगमाया साहू जनपदसदस्य अं.चौकी, केशव साहू, रूपसिंग मंडावी, मोहन सिन्हा, संतोष कोडपे, मनु साहू, कमलेश साहू, लाल कुमार, राष्ट्रपाल सुखदेव, संजय सिंहा, वीरेंद्र सिंहा खिलेश्वर, संदीप मेश्राम शिव निर्मलकर, रूपेश यादव सहित आयोजन समिति वा ग्रामीण उपस्थित थे।

## छुरिया विकासखंड के ग्राम पंचायत आलीवारा, जयसिंगटोला, हालाडुला एवं कुमर्दा पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा



**स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में 1368 लोगों ने कराई एनीमिया जांच, 75 व्यक्तियों का बना आयुष्मान कार्ड**

राजनांदगांव (दावा)। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मोबाईल वैन केन्द्र शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोडने के लिए आज छुरिया विकासखंड के ग्राम पंचायत आलीवारा, जयसिंगटोला, हालाडुला एवं कुमर्दा पहुंची। विकसित भारत संकल्प यात्रा द्वारा सरकार की प्रमुख योजनाओं को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने के प्रयासों को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है, ताकि योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक पहुंच सके। कार्यक्रम के प्रारंभ में मोबाईल वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का वाचन एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्यों की सामान्य जानकारी दी गई। इस अवसर पर सभी ने विकसित भारत के लिए संकल्प लिया। मोबाईल वैन के माध्यम से क्विंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। केन्द्र सरकार की योजनायों से लाभांवित हितग्राही मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत अपने विचार व्यक्त किए। धरती कहे पुकार के अंतर्गत महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं ने जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए नाटक के माध्यम से प्रस्तुति दी तथा रासायनिक खेती के दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टाल में केन्द्र की योजनाओं और सुपोषण के संबंध में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोदभराई एवं अन्न प्राशन कराया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं से आमजनों को अवगत कराया गया। स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में बीपी शुगर, 1368 लोगों ने एनीमिया जांच एवं 75 आयुष्मान कार्ड बनाया गया तथा निःशुल्क दवाई वितरण किया गया। कृषि विभाग द्वारा किसान सम्मान निधि एवं आधार सिडिंग का कार्य किया गया। कार्यक्रम में लगभग 211 हितग्राहियों में उज्वला गैस का केवायसी एवं 85 नया पंजीयन किया गया। परिवहन विभाग द्वारा 73 लर्निंग लाइसेंस बनाया गया। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना व प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अन्तर्गत 45 लोगों ने बीमा संबंधी आवेदन किया। इस अवसर पर एमडी ठाकुर, श्रीमती चन्द्रिका डड़सेना, अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया श्रीमती किरण रविंद्र वैष्णव, कैलाश शर्मा, सदस्य जनपद पंचायत छुरिया श्रीमती हेमीन विष्णु साहू, श्री रामप्रकाश चन्द्रवंशी, सरपंच, पंचगण व अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन तथा अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राज्य स्तरीय रक्तदान एवं शिक्षक सम्मान समारोह




डोंगरगांव (दावा)। जीवनदान सेवा संस्था डोंगरगांव द्वारा ग्राम बम्हनीभांठा में 15 जनवरी 2024 दिन सोमवार को राज्य स्तरीय रक्तदान वा रक्तदाता एवं शिक्षक सम्मान समारोह रखा गया था जिसमें ग्राम के नागरिकों एवं शिक्षको ने योगदान दिया जिसमे 35 पुरुष और 5 महिलाओं ने रक्तदान कर सहयोग किया जिसमे उपस्थिति हमारे मुख्यअतिथि श्रीमती जागृति चुन्नी यदु, बीरेंद्र साहू, शिवनारायण साहू, श्रीमती देवसरि बाई मानिकपुरी, राजेश पटेल, राममनोहर पटेल, जीवन साहू, चंद्रभान साहू, दीनदयाल साहू व जीवनदान सेवा संस्था राजनांदगांव से प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र जंघेल, प्रदेश माहसचिव हरीश भांशुली, प्रदेश उपाध्यक्ष भारतभूषण वैष्णव, अमित चौहान, एवं जीवनदान सेवा संस्था डोंगरगांव ब्लाक से अध्यक्ष शांतिलाल शांडिल्य, उपाध्यक्ष गणेश्वर साहू, सचिव डेविड सोनकातर, चूरामन साहू, मनीष साहू, टोमनदास मानिकपुरी, मिथलेश साहू, चरण साहू, डोमेन साहू एवं अन्य सदस्य के सहयोग से यह कार्यक्रम सफल रहा। साथ में बिलासा ब्लड बैंक राजनांदगांव से हिमानी साहू और इनकी टीम की तरफ भी भरपूर सहयोग मिला।

## फेडरेशन ने की बीईओ से मुलाकात : समस्या दूर करने का दिया आश्वासन



गंडई पंडरिया (दावा)। गत दिन सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के ब्लॉक इकाई छुईखदान के ब्लॉक अध्यक्ष कौशल श्रीवास्तव एवं संगठन के पदाधिकारी एवं शिक्षकों ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी रमेंद्र कुमार डडसेना से विभिन्न समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु सौजन्य मुलाकात किए जिसका अधिकारी ने निराकरण करने की बात कही। जिसमें मुख्य रूप से शिक्षक समग्र को एरियस भुगतान की सूची, लगभग 80 से 90 शिक्षकों के एरियस राशि मांग पत्र की सूची, परीक्षा अनुमति की सूची, प्रधान पाठक पदोन्नति वरिष्ठता सूची पूरा करने, सर्विस बुक संधारण कर जिला स्तर पर ऑडिट करने, जी.पी.एफ. राशि कटौती के लिए पासबुक बनाने एवं परामर्शदात्री बैठक तत्काल कराने पर चर्चा हुई, जिसमें विकासखंड शिक्षा अधिकारी डडसेना द्वारा आगामी फरवरी माह के प्रथम सप्ताह तक पूरा करने का आश्वासन दिया गया। उपरोक्त संबंध में सगंठन ने जिला पदाधिकारियों के साथ कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी फत्तेराम कोसरिया से भी मुलाकात की गई, जहा जीपीएफ कटौती के लिए पासबुक बनाने पर आदेश जारी करने की बात कहीं गई, इस दौरान संगठन के जिला अध्यक्ष रामलाल साहू जिला सचिव शिवचरण वर्मा अरुण कुमार कोशे, ब्लॉक अध्यक्ष कौशल श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष भिखेंद्र जंघेल जिला संयोजक गांधी राम साहू, कोषाध्यक्ष नीलम चतुर्वेदी, दिनेश कुमार निर्मलकर टीकाराम देशमुख राजकुमार मसखरे तोकराम सिन्हा, दुर्गेश सोनी, देवेंद्र साहू, होरीलाल अहिरवार सहित शिक्षक उपस्थित थे।

## राम मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान हेतु धर्म जागरण रामायण मंडली द्वारा दान की गई सहयोग राशि

**22 जनवरी को होगा भव्य आयोजन**



डोंगरगढ़ (दावा)। 22 जनवरी को राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के दिन डोंगरगढ़ आंध्र समाज राम मंदिर में भव्य भक्ति का आयोजन रखा गया है। जिसमें सुंदरकांड राम प्रस्तुति हनुमान चालीसा एवं भोग प्रसाद भी रखा गया है। आयोजन समिति द्वारा सभी नगरवासी सादर आमंत्रित किया गया है। डोंगरगढ़ आंध्र समाज के अध्यक्ष संतोष राव को धर्म जागरण रामायण मंडली केदार बड़ी के द्वारा 4101 रुपए की नगद राशि दान दिया गया।

इस अवसर पर वार्ड नंबर 3 की पार्षद प्राची सौमित्र सोनी, सी.के. वैष्णव, रामायण की महिला बहने सुष्मिता वाजपेई, संगीता महोबिया, सिमरन गवली, सौम्या भारद्वाज, स्वाति गुप्ता, गीता सोनी एवं आंध्र समाज की पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। गोविंद राव, शंकर राव,श्रीनिवास राव, सूर्य राव, गोपाल कृष्ण राव, दुर्गा प्रसाद राव, सुनील बाड़ाराम, सत्यानंद राव, रामना राव आदि सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समाज के अध्यक्ष संतोष राव ने महिला मंडली व भक्तजनों को हृदय पूर्वक सभी का धन्यवाद किया।

## नीरज माईलस्टोन स्कूल खैरागढ़ का वार्षिकोत्सव सम्पन्न



राजनांदगांव (दावा)। नीरज माईलस्टोन स्कूल, खैरागढ़ नगरी की एकमात्र सी.बी.एस.ई. प्राइवेट स्कूल है जिनके प्रत्येक कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति एवं राष्ट्र प्रेम झलकता है. एफ.आर. कोसरिया, डिस्ट्रिक्ट एजुकेशन ऑफिसर, खैरागढ़ नीरज माईलस्टोन स्कूल खैरागढ़ का वार्षिकोत्सव समारोह शाला प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। प्रतिष्ठित नागरिक, छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में अभिभावकगण उपस्थित रहे।

खैरागढ़ के नागरिक संगीत प्रेमी संग कला का ज्ञान भी रखते है अतः उक्त कार्यक्रम में बच्चों द्वारा दिए रंगारंग प्रस्तुति ने खैरागढ़ के दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में उपस्थित संचालक माननीय विक्रांत सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि संस्था अपनी संस्कृति एवं राष्ट्र प्रेम के संस्कार भी बच्चों में डालने बाध्य है। इसी का परिणाम है कि इस कार्यक्रम में प्रस्तुत नाटक एवं नृत्य कला भारतीय संस्कृति का परिचय दे रहे है। संस्था के वार्षिकोत्सव 'उड़ान 2023' में पहुँचे समस्त संचालकगण माननीय विक्रांत सिंह, इंजी. नीरज बाजपेयी, श्रीमति सोनल बाजपेयीए नरेन्द्र बोथरा, अभय गीड़िया, प्रमोद सालेचा, मनीष पारख एवं दीपक बैद का डायरेक्टर एकेडमिक श्रीमती उर्मिला दीक्षित, संस्था प्राचार्य अश्वनी वर्मा द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। संचालकगण का आतिथ्य स्वरुप स्वागत पश्चात् एनबी ग्रुप के फाउंडर एवं डायरेक्टर इंजी. नीरज बाजपेयी ने अपने उद्बोधन में कहा कि उनके लिए शालाओं का प्रशासन किसी व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए नहीं अपितु अपनी संस्कृति के प्रति प्रेम एवं राष्ट के प्रति उनका समर्पण है और वही प्रेम एवं समर्पण का रोपण वह बच्चों में करना चाहते है जिसे अनंत काल तक जिवंत रखा जा सके एवं उत्तम राष्ट्र पल्लवित हो सकेए बच्चों में किए गये उत्तम बीज का अंकुरण ही उत्तम राष्ट्र के रूप में फलित होगा। अंत में श्री बाजपेयी एवं अन्य संचालको द्वारा उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री एफ.आर. कोसरिया, डीईओ खैरागढ़ का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया। श्री कोसरिया जी ने नीरज माईलस्टोन स्कूल के सभी संचालको को अपनी शुभकामनाएं प्रगट कर आमंत्रण के लिए धन्यवाद दिया। उक्त जानकारी शाला प्रबंधक अभिषेक गुप्ता द्वारा संज्ञान में लाई गई।

# नक्सल ऑपरेशन के दृष्टिकोण से सघन नक्सल प्रभावित ग्राम कटेमा थाना गातापार पुलिस सुरक्षा कैंप की स्थापना



0 ग्राम कटेमा छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश के ट्राई जंक्शन पर है स्थित
0 कैंप स्थापना से नक्सलियों के अतर्राज्यीय सीमा पार गमन पर लगेगी अंकुश
0 नक्सलियों के विरूद्ध सफल नक्सल विरोधी अभियान चलाये जाने में मिलेगी सहायता
0 जनता एवं पुलिस के बीच बढ़ेगी आपसी विश्वास एवं समझ

खैरागढ़ (दावा)। पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज, राहुल भगत के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक (आईपीएस )अंकिता शर्मा के नेतृत्व में सघन नक्सल प्रभावित ग्राम कटेमा में शुक्रवार 12 जनवरी को पुलिस सुरक्षा कैंप की स्थापना ग्राम एवं आस-पास के गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण की उपस्थिति में की गई। इस अवसर पर उपमहानिरीक्षक आईटीबीपी ओपी यादव कमांडेंट 40वीं वाहिनी आईटीबीपी अनंत नारायण दत्ता, डीसी तरुण बनर्जी, सहायक सेनानी ई कंपनी श्यामलाल, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी प्रशांत खांडे, उपपुलिस अधीक्षक नक्सल राजनांदगांव अजीत ओगरे एवं पुलिस अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। ग्राम कटेमा में पुलिस बल द्वारा ग्राम भ्रमण कर प्रत्येक घर में जाकर मिठाई एवं कंबल का वितरण किया गया। उनसे समस्याओं के विषय में जानकारी ली गई।

ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया कि पुलिस उनकी सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहेगी, निर्भीक होकर अपनी समस्याओं से पुलिस को अवगत करा सकेगें। उल्लेखनीय है, कि ग्राम कटेमा जिला केसीजी. छत्तीसगढ, जिला गोंदिया महाराष्ट्र तथा जिला बालाघाट मध्यप्रदेश के ट्राई जंक्षन में स्थित है, जहां नक्सलियों का आवागमन बना रहता है, इस क्षेत्र का उपयोग नक्सली एक राज्य से दूसरे राज्य में क्रासिंग प्वाईट के रूप में करते है। पुलिस के लिए यह स्थान सामरिक दृष्टिकोण से अति महत्चपूर्ण है। कटेमा में पुलिस कैंप के स्थापना से नक्सलियों के गतिविधियों पर प्रभावी रूप से अंकुष लगाने में मद्द मिलेगी। पुलिस कैंप कटेमा को सफल अंतर्राज्यीय नक्सल विरोधी अभियान चलाये जाने हेतु, लांच पैड के रूप में ईस्तेमाल किया जा सकेगा। कटेमा से राजनांदगांव जिला के लगते सीमा क्षेत्र में नक्सली अपने गतिविधियों में वृध्दि कर वारदातों को अंजाम दे रहे थे। सुरक्षा कैंप स्थापना से सीमावर्ती जिला राजनांदगांव में नक्सली गतिविधि पर प्रभावी नियंत्रण प्राप्त होगा। विकास कार्य निर्बाध रूप से पूर्ण किये जाने में सहायता मिलेगी। क्षेत्र की जनता एवं पुलिस के बीच आपसी समझ एवं विष्वास में वृध्दि होगी। क्षेत्र में सुरक्षा एवं शांति का वातावरण निर्मित होने से विकास कार्य में तेजी आएगी। कैंप स्थापित किये जाने के कारण नक्सली अपने प्रभाव क्षेत्र के विस्तार नहीं कर सकेंगे। शासन के जन हितैषी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचेगा।

पुलिस कैंप कटेमा की स्थापना प्रक्रिया सुरक्षित रूप से पूर्ण कराने में महाराष्ट्र पुलिस, मध्यप्रदेश पुलिस एवं जिला राजनांदगांव, कबीरधाम के डीआरजी तथा जिला खैरागढ़ के डीआरजी टीम एवं 40वीं वाहिनी आईटीबीपी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उक्त बल द्वारा कैंप स्थापना के दौरान समुचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई। पुलिस अधीक्षक (आईपीएस) अंकिता शर्मा द्वारा कैंप स्थापना में सहयोग करने वाले सुरक्षाबलों एवं ग्रामीणों का अभार व्यक्त किया गया।

# वाहन चलाते समय अपने और दूसरों के परिवार के बारे में सोचना चाहिए - कलेक्टर

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल आज राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के शुभारंभ कार्यक्रम परिवहन विभाग और यातायात विभाग द्वारा यातायात कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया। जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 के तहत 15 जनवरी से 14 फरवरी 2024 तक आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जनसामान्य को जागरूक करने के लिए बाईक रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टरसंजय अग्रवाल को बैठाकर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने हेलमेट पहन कर बाईक चलाई। इनके साथ लगभग 100 से अधिक बाईकर्स द्वारा शहर का भ्रमण कर हेलमेट पहनकर जनसामान्य को हेलमेट पहनने का संदेश दिया गया।



कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सड़क दुर्घटना तेज रफ्तार से वाहन चलाने और नशीले पदार्थ का सेवन कर वाहन चलाने से होती है। इसे विशेष ध्यान देने की जरूरत है। तेज रफ्तार से वाहन नहीं चलाना चाहिए। कही भी जाना है तो उससे 5 या 10 मिनट पहले निकलना चाहिए। जिससे वाहन तेज गति से चलाने की जरूरत नहीं होगी और सड़क दुर्घटना से बच सकते हैं। गाड़ी चलाते समय अपने और दूसरों के परिवार के बारे में सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाना चाहिए। जिससे सड़क दुर्घटना से होनी वाली मृत्यु से बचा जा सकता है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों से कहा कि यातायात के नियमों और सड़क दुर्घटना से बचने के उपायो को 10-10 लोगों को बतायें और अन्य 10-10 लोगों तक इसके संबंध में जागरूक करने की बात कही। धीरे-धीरे सभी वर्गों तक यातायात नियमों और सड़क दुर्घटना के बचाव के संबंध में जागरूक हो सकेगी। जिससे सड़क दुर्घटना से होनी वाली मृत्यु में कमी आ सकेगी। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा के संबंध में नुक्कड़ नाटक, पाम्पलेट, बैनर, फ्लैक्स, होर्डिग एवं जिले के सभी स्कूलों और महाविद्यालयों में वाद-विवाद प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता आयोजित करने के संबंध में जानकारी दी जाएगी। जिससे बच्चे अपने घर में जाकर माता-पिता, भाई, बहन सहित परिवार के सभी सदस्यों को इसके संबंध में जानकारी दे सकें। जिससे वे सड़क दुर्घटना से बच सकें।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता लाने लिए शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 60 प्रतिशत से अधिक सड़क दुर्घटनाएं दूसरों की गलती से होती जिसके लिए हमें हेलमेट पहनना और सीट बेल्ट लगाना आवश्यक है। जिससे हमारा जीवन सुरक्षित रह सके। उन्होंने कहा कि हमें वाहन चलाते समय नियमित हेलमेट और सीट बेल्ट लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें हेलमेट पहनने को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी परिवार का कोई सदस्य सड़क दुर्घटना से मृत्यु हो जाती है उसका पूरा परिवार परेशान हो जाता है। उस परिवार का बहुत बड़ा नुकसान हो जाता है। उन्होंने कहा कि वाहन सजग होकर ही चलाना चाहिए और हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना में मृत्यु 30 प्रतिशत कमजोर वर्ग परिवारों में से होती है। एक दुर्घटना से पूरा परिवार प्रभावित होता है, इससे हमें बचना चाहिए।

# अजीज पब्लिक स्कूल इंदामरा में राज्य स्तरीय जुजित्सू प्रतियोगिता का शानदार आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। जुजित्सू एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ द्वारा अजीज पब्लिक स्कूल इंदमरा में राज्य स्तरीय जुजित्सू प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में 9 जिलों ने भाग लिया जिसमें 350 विद्यार्थियों के साथ 18 कोच भी शामिल थे। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में विनोद खांडेकर (पूर्व विधायक), रणविजय प्रताप सिंह (अध्यक्ष एथलीट एसोसिएशन), देवेंद्र सिंह ठाकुर (वॉइस प्रेसिडेंट ऑफ जुजित्सू) राणा अजय सिंह (सेक्रेटरी ऑफ छत्तीसगढ़ जुजित्सू) थे । तेजस राहुल (ज्वाइंट सेक्रेटरी ऑफ जुजित्सू) के नेतृत्व में यह प्रतियोगिता सफलतापूर्वक अजीज पब्लिक स्कूल इंदामरा में हुआ। इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए अजीज पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने 5 गोल्ड, 11 सिल्वर, तथा 25 ब्रोंज पदक जीता। अब ये विद्यार्थी आगामी राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता जो देहरादून में होने जा रही है उसमें सहभागिता लेंगे। शाला प्राचार्य सचिन पाल सिंह ठाकुर एवं शाला निर्देशक श्रीमती तनाज अजीज जी ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए आगामी होने वाली प्रतियोगिता के लिए प्रोत्साहन किया।

# बखरूटोला में दो दिवसीय रामायण सम्मेलन संपन्न

छुरिया (दावा)। समीपस्थ ग्राम बखरूटोला में दो दिवसीय रामायण मानस सम्मेलन संपन्न हुआ। उक्त सम्मेलन 13 एवं 14 जनवरी अर्थात शनिवार एवं रविवार को रखा गया था। सम्मेलन में लगभग 16 रामायण मंडलियों ने भाग लिया। रामायण सम्मेलन में विभिन्न मंडलों के द्वारा भगवान श्री रामचंद्र जी के चरित्र का वर्णन किया गया। बालकांड से लेकर सुंदरकांड, अयोध्या कांड, लंका कांड सहित विभिन्न सोपानों की कथा एवं जीवन में प्रेरणादायक भगवान श्री रामचंद्र जी के कार्यों व जीवन चरित्र को बताया गया।




0 सम्मेलन में रही आस पास के मानस प्रेमियों की ऐतिहासिक भीड़
0 आम श्रोताओं एवं दर्शकों के लिए अंतिम दिवस रहा भोजन भंडारा
0 आयोजन में विभिन्न दानदाताओं की रही महत्वपूर्ण भूमिका

उक्त कार्यक्रम में क्षेत्र एवं इलाके के विभिन्न जनप्रतिनिधि, नेता व समाजसेवीगण अतिथि के रूप में बारी बारी से उपस्थित हुए। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू, स्थानीय विधायक भोलाराम साहू, जनपद पंचायत छुरिया के अध्यक्ष श्रीमती किरण रविंद्र वैष्णव, महिला नेत्री एवं जिला कांग्रेस सचिव श्रीमती सीमा यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता आत्माराम चंद्रवंशी, समाजसेवी एवं भाजपा नेता घासी राम साहू, समाजसेवी छुरिया सुभाष यादव, कांग्रेस नेता राजू सिन्हा। युवा नेता राम साहू, महिला भाजपा नेत्री संगीता यादव, कांग्रेस नेत्री पुष्पा सिन्हा, भाजपा नेता पद्मभूषण साहू, कांग्रेस नेता कुलदीप साहू, भाजपा महिला मोर्चा बेला बाई साहू, समाजसेवी जाकेश साहू, वन प्रबंधक कमेल राम पड़ोटी, दानदाता राजकुमार साहू, समाजसेवी चंद्रशेखर साहू, भाजपा के सोशल मीडिया प्राभारी सुशील कशेर समेत अनेक नेताओं एवं समाजसेवी आदि शामिल हुए।

रामायण मानस सम्मेलन समिति के अध्यक्ष भीषण लाल साहू एवं सचिव बल्लू राम मंडावी ने बताया कि उक्त कार्यक्रम को आयोजित करने में ग्राम पटेल रूपेंद्र साहू, ग्राम सचिव हीरू राम साहू, कोषाध्यक्ष नारायण लाल साहू, चरण लाल साहू, देवसागर गुप्ता पूर्व सरपंच, कृपा राम पड़ोटी, राधेलाल मंडावी पंच, पन्ना लाल साहू पंच, रोहिदास कल्लो पंच, घनश्याम दास साहू पंच, महेंद्र नेटी, बिहारी बैगा, सुखचरण साहू, शंकर साहू सेल्समैन, मोहित साहू शिक्षक, हरिश्चंद्र नेताम शिक्षक, जयलाल साहू। सचिव जगन्नाथ साहू, धम्मन सिंग साहू, मेश राम साहू, सीता बाई साहू, रेखा बाई साहू, रूखमणी बाई साहू, बना राम साहू, बलवन साहू, जगदेव ठाकुर, खिलावन साहू, ऋषि साहू, वजन साहू एवं विभिन्न महिला समूह के पदाधिकारी व सदस्यों आदि समस्त ग्रामवासियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

रामायण मानस सम्मेलन के आयोजन हेतु अनेक ग्रामीणों सहित आसपास के समाजसेवियों ने चावल, धान, रुपए सब्जी आदि दान किए जिसमे समाजसेवी एवं दानदाता राजकुमार पिता समलिया राम ने आधा क्विंटल एचएमटी पतला चांवल दान किया इसी प्रकार चंद्रशेखर साहू ने सब्जी एवं रुपए दिए। अनेक दानदाताओं ने एक हजार, दो हजार, पांच सौ आदि रुपए दान किए।

### ० सर्व समाज मंगल भवन हेतु विधायक भोलाराम साहू ने दिए 15 लाख रुपए

कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यअतिथि स्थानीय विधायक भोलाराम साहू ने ग्रामीणों की मांग पर सर्वसमाज के लिए मंगल भवन हेतु 15 लाख रुपए की घोषणा की। ग्रामीणों ने उक्त राशि को 25 लाख रुपए तक करने की मांग एवं आग्रह विधायक से किया जिससे एक बड़ा एवं वृहत भवन गांव में बनाया जा सकें, जिससे सभी समाज का कोई भी कार्यक्रम सम्पन्न किया जा सके।

दो दिनों तक लगातार कार्यक्रम का संचालन क्षेत्र के मशहूर एवं लोकप्रिय मानस संचालक जनपद सदस्य जयसिंग टोला निवासी विष्णु साहू, लोककलाकार सौरभ साहू एवं स्थानीय संचालक शंकर लाल साहू ने किया। सफल कार्यक्रम के आयोजन के लिए रामायण मानस सम्मेलन के अध्यक्ष भीषण लाल साहू, सचिव बल्लू राम मंडावी एवं समिति के समस्त सदस्यों ने समस्त ग्रामीणों व बाहर से आए अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# महाअभियान में आदिवासियों को 29 वन अधिकार पट्टा वितरित एवं अन्य हितलाभ

0 चलो जलाएं दीप वहां, जहां अभी भी अंधेरा हो - सांसद संतोष पाण्डेय
0 विकास का अर्थ अन्तिम व्यक्ति तक सभी सुविधाओं को पहुँचाना है- विक्रांत सिंह





0 सांसद ने मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना
0 समारोह के मुख्य अतिथि सांसद संतोष पाण्डेय, विधायक यशोदा वर्मा और विशिष्ट अतिथि विक्रांत सिंह, हुए शामिल
0 प्रशासन की ओर से कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा और पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा हुए उपस्थित

खैरागढ़ (दावा)। जिला मुख्यालय खैरागढ़ में आयोजित प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी महाअभियान समारोह सांसद लोकसभा क्षेत्र राजनांदगांव संतोष पाण्डेय के मुख्य आतिथ्य और विधायक खैरागढ़ यशोदा वर्मा की अध्यक्षता, विशिष्ट अतिथि विक्रांत सिंह उपाध्यक्ष जिला पंचायत सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। महाअभियान में आदिवासियों को 29 वन अधिकार पट्टा सहित अन्य हितलाभ वितरीत किया गया। इस दौरान प्रशासन की ओर से कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा और पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।।

0 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम जनमन योजना की अवधारणा को वर्चुअल समझाया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम जनमन योजना को समझाते हुए कहा कि जन का मतलब भारत की जनता, आदिवासी भाई-बहन और मन का अर्थ आदिवासियों के मन की बात, हमारी मन की बात है। इसके पूर्व कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा प्रधानमंत्री ने देश के विभिन्न राज्यों के विशेष पिछड़ी आदिवासी जनजाति के भाई-बहनों से बातचीत कर उनका हाल-चाल पूछा, विस्तृत बातचीत की। जिला स्तरीय समारोह में सांसद संतोष पाण्डेय ने स्वास्थ्य विभाग की तीन मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

सभा को सम्बोधित करते हुए अपनर मुख्य आतिथ्य उद्बोधन में सांसद संतोष पाण्डेय ने आदिवासियों के विकास हेतु इन पंक्तियों के माध्यम से अपनी बात कही कि चलो जलाएं दीप वहां, जहां अभी भी अंधेरा हो। आगे कहा कि जिसको हम अंत्योदय कहते है, वहां बिजली, पानी, भोजन, कपड़ा आदि उपलब्ध कराना होगा। उन्होंने कहा कि आज जनमन के महाअभियान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आदिवासियों और राष्ट्र के विकास की सारी बातें कह दी है। आगे कहा कि आज हमे ईमानदारी से कार्य करने का संकल्प लेना होगा। बेहतर आयोजन के लिये कलेक्टर और जिला प्रशासन की प्रशंसा की। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रुप मे उपस्थित विक्रांत सिंह ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि विकास का वास्तविक अर्थ अन्तिम व्यक्ति तक सभी सुविधाओं को पहुँचाना है।

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने जिले में महाअभियान समारोह में प्रधानमंत्री जनमन योजना के अन्तर्गत किये गए कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति की संख्या 4800 है।। आगे कहा कि 22 दिसम्बर से 4 जनवरी तक लगातार शिविर आयोजित कर 268 प्रधानमंत्री आवास, 722 आधार कार्ड, 2289 आयुष्मान कार्ड, पीएम किसान सम्मान हेतु 200 कार्ड, 2384 जनधन खाता खोले गए। अभी 29 वनाधिकार पट्टा वितरित अतिथियों के कर कमलों से हितग्राहियों को वितररित किया जाना है। सुदूर वनांचल टिमरीबोड और तुमड़ादाह में दो अस्थाई स्कूल खोले गए और इसके साथ अन्य कार्य किये गए। वनांचल में दो बहुद्देश्यीय स्वास्थ्य केन्द्र हेतु प्रस्ताव भेजा गया है।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सभापति घम्मन साहू, खम्मन ताम्रकार, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, रज्जाक खान उपाध्यक्ष नपा., पार्षद विनय यादव, सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह, राकेश गुप्ता, वरिष्ठ समाजसेवी टीके चंदेल, कांता वर्मा, पुष्पा सिंदूर, मोनिका रजक सहित अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। प्रशासन की ओर से डीएफओ पुष्पलता टंडन, अपर कलेक्टर डीएस राजपूत, एसडीएम प्रकाश राजपूत, रेणुका रात्रे, डिप्टी कलेक्टर टंकेश्वर साहू सहित अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी और मीडिया के लोग उपस्थित थे।

## पेज 1 का शेष...

*जनता का एक-एक पैसा उनकी ....*

पर कार्रवाई सरकार की प्राथमिकता रही है। 10 करोड़ फर्जी नामो को हटाया गया है। दिल्ली से चला एक एक पैसे लभार्थियों तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री ने गरीबी को लेकर नीति आयोग की कल आयी रिपोर्ट का उल्लेख करते हुये कहा कि उनकी सरकार के नौ वर्षों के कार्यकाल में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। पहले गरीबी हटाओ के नारे दिये जाते थे लेकिन नौ वर्षों में 25 करोड़ के गरीबी से बाहर निकलना अभूतपूर्व है। 2014 में सरकार में आने के बाद से गरीब कल्याण को प्राथमिकता दी गयी है। बाईस जनवरी को राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा से पहले यह जानकारी मिली है जो हर किसी को नये विश्वास से भरने वाली है। देश के आत्मविश्वास को बढ़ाने वाली है। नये मिडिल क्लास और मिडिल क्लास बढ़ रहा है।

इनका बढ़ता हुआ दायरा अर्थव्यवस्था को बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि वह अपने 11 दिवसीय अनुष्ठान के दौरान आज लेपाक्षी स्थित वीरभद्र मंदिर में पूजा-अर्चना की और वहां रंगनाथ रामायण को सुना। वहां उन्होंने कठपुतली शो को भी देखा है। उन्होंने कहा कि श्री सत्य सांई जिले में जिस क्षेत्र में यह परिसर बना है यह अपने आप में विशेष है। यह क्षेत्र अध्यात्म और राष्ट्र निर्माण एवं सुशासन से जुड़े विरासत का नेतृत्व करता है। श्री सत्य सांई बाबा की जन्म स्थिली है। उन्होंने कहा 'मुझे विश्वास है यह परिसर सुशासन के नये आयम गढ़ेगा। देश में व्यापार और उद्योग को नयी गति देगा। उन्होंने कहा कि इस परिसर की भूमिका देश को एक आधुनिक ईकोसिस्टम देने का है जो भारत को वैश्विक कारोबार के लिए प्रमुख केन्द्र के साथ ही कारोबारी सुगमता को बढ़ावा दे एवं गलत व्यवहार से निपटे।' इस मौके पर आंध्र प्रदेश के राज्यपाल ए अब्दुल नजीर, मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी, केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और भगवत किशनराव कराड़ भी मौजूद थे।

*असहमति को शालीनता से व्यक्त...*

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, कई मंत्री एवं विधायक मौजूद थे। यह प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन विधानसभा के सभी 200 सदस्यों के लिए किया गया था और इस बार सोलहवीं विधानसभा में 74 सदस्य पहली बार विधायक बनकर विधानसभा पहुंचे हैं। इस कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ विधायकों और विषय विशेषज्ञों ने अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की।

*जहां शिवलिंग का दावा, उस पानी...*

जारी रखने की छूट दी। बीते साल सुप्रीम कोर्ट ने हिंदू पक्ष की मांग पर पुरातत्व विभाग को मस्जिद परिसर का सर्वे करने की मंजूरी दी थी। इसी सर्वे में मस्जिद परिसर के वुजुखाने में शिवलिंग जैसी आकृति मिली थी। हिंदू पक्ष ने इसके शिवलिंग होने का दावा किया था।

*अभी और कहर बरपाएगी ठंड...*

डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने 18 जनवरी तक ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। हालांकि दोपहर बाद धूप खिलने की उम्मीद जताई है। मौसम विभाग का कहना है कि दिन में आसमान साफ होने से रात का तापमान गिर सकता है। हालांकि आने वाले दिनों में दिल्ली के तापमान में बढ़त हो सकती है। 22 जनवरी तक दिल्ली का अधिकतम तापमान 20 डिग्री व न्यूनतम तापमान छह डिग्री तक पहुंच सकता है।

**डीपफेक से निपटने के लिए सरकार...**

हाल ही में और फिर क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर का डीपफेक वीडियो सामने आया था. वीडिया सामने आने के बाद दिग्गज क्रिकेटर ने स्पष्टीकरण जारी किया और फैंस से गलत सूचना के झांसे में न आने का आग्रह किया था. इससे पहले एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना का डीपफेक वीडिया वायरल हुआ था.

*प्राण प्रतिष्ठा से पहले भगवान राम का ...*

भ्राता लक्ष्मण को संजीवनी बूटी से पुनः स्वस्थ किया था। शाम को गूंजने लगता है राम नाम- राजधानी के बालाजी कालोनी सेक्टर 2, न्यू राजेंद्र नगर में 60 से 70 परिवार निवास करते हैं। मधु यादव ने बताया कि कालोनी में विगत 10 दिनों से प्रतिदिन एक घर में कलश पूजा के साथ सुंदर कांड और हनुमान चालीस का पाठ किया जा रहा है। शाम होते ही कालोनी राम नाम के जयघोष से गूंजने लगता है। 22 जनवरी को सुबह से शाम तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। राम दरबार लगाया जाएगा। मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण बड़े स्क्रीन में किया जाएगा। आरती, भंडारे के बाद शाम को 500 तक दीप जलाए जाएंगे।

चल रहा मंदिरों में सजावट का काम- अर्जुन एनक्लेव आवासीय सहकारी सोसायटी, भैरव नगर, मठपुरेना में मंगलवार से अक्षत कलश और राम ध्वज का प्रत्येक घरों में वितरण किया जाएगा। रहवासी दीया मूलचंदानी ने बताया कि कालोनी अभी रामभक्ति में पूरी तहर से लीन है। मंदिर को सजाने का काम चालू हो गया है। 22 जनवरी के लिए विशेष तैयारियां की जा रही है। पूजा पाठ के बाद शाम को सुंदरकांड और भजन का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक घर से 11 दीये जलाएं जाएंगे।

# कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम शुरू पहले दिन कुल 12 आवेदन प्राप्त हुए

बालोद (दावा)। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिले के आम नागरिकों के मांगो और समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु सोमवार 15 जनवरी से संयुक्त जिला कार्यालय में प्रत्येक कार्य दिवसों में कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन प्रारंभ हो गया है। पहला दिन विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित कुल 12 आवेदन प्राप्त हुए है। जनदर्शन के प्रभारी अधिकारी जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा श्री अनुराग त्रिवेदी द्वारा आवेदकों से प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री चन्द्रवाल के निर्देशानुसार संबंधित विभागों के द्वारा आवेदकों से प्राप्त आवेदनों का समुचित निराकरण हेतु 03 दिनों के भीतर कार्यवाही सुनिश्चित कर इसकी सूचना आवेदक एवं जनदर्शन के प्रभारी अधिकारी को प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा हितग्राहियों को मिल रहा सरकारी योजनाएं का लाभ - डडसेना

छुरिया (दावा)। खुज्जी विधानसभा के विभिन्न ग्रामों में 25 दिसंबर से शुरू विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में जिला भाजपा उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद डडसेना पहुंचकर सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धि की जानकारी दे रहे है, अभी तक लगभग 25 शिविर में पहुँच चुके हैं, ग्राम रंगीटोला एवं ग्राम पाटेकोहरा में सांसद संतोष पांडे एवं प्रदेश अध्यक्ष भाजपा ओबीसी मोर्चा भरत वर्मा के साथ कार्यक्रम में सम्मिलित हुए थे, इन लगभग 25 शिविरों में मुख्य अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति प्रदान कर रहे हैं, 1-2 कार्यक्रमों में कार्यक्रम की अध्यक्षता भी किये हैं।




विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में दिनांक 25 दिसंबर से शुरू है जो 26 जनवरी पुरे एक माह तक चलेगी, संकल्प यात्रा शिविर में जिला उपाध्यक्ष भाजपा चंद्रिका प्रसाद डडसेना खुज्जी विधानसभा के विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर यात्रा व शिविर का उद्देश्य और मोदी सरकार की योजनाओं को बता कर ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ भी दिलवा रहे है।

साथ ही हितग्राहियों की समस्याओं को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारियों से प्रत्यक्ष चर्चा कर ग्रामीणों को लाभ दिलाने का प्रयास करते हैं एवं माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दिए जा रहे योजनाओं का लाभ जैसे प्रधानमंत्री उज्ज्वला गैस योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन के तहत गाँव-गाँव में शौचालय का निर्माण, स्वास्थ्य लाभ के लिए आयुष्मान भारत कार्ड से लाभ, अमृत जल मिशन से घर-घर पेयजल पहुँचाने का कार्य, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि इत्यादि विभिन्न योजनाओं की जानकारी अपने उद्बोधन में देते हैं। साथ ही वर्तमान छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने किसानों को दो साल का बोनस राशि दिए हैं उसकी भी जानकारी ग्रामीणों को देते हैं। किसान लोग दो साल की बोनस राशि मिलने पर किसान प्रसन्न है एवं भाजपा सरकार को धन्यवाद देते हैं।

# भगवा रंग में रंगा खुज्जी, निकली अक्षत कलश यात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत



**खुज्जी (दावा)। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने जा रहे भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए निमंत्रण देने हेतु खुज्जी के बम्लेश्वरी मन्दिर प्रांगण में स्थित श्री राम मंदिर से 101 कलशों के साथ निकली अक्षत कलश यात्रा का लोगों ने जगह-जगह स्वागत किया।**

फटाखे फोड़े गए और जय श्री राम के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा वही यात्रा के सांथ निकले सनातनी युवाओं ने पीले अक्षत देकर 22 जनवरी को अपने-अपने घरो आंगन में दीप जलाकर दिवाली मनाकर अयोध्या उत्सव मनाने के लिए प्रेरित किया अक्षत कलश यात्रा में महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

# पीएम केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ में उत्साह और खुशी से मनाया गया 40वॉ राष्ट्रीय युवा दिवस

खैरागढ़ (दावा)। खैरागढ़ जिला के पीएम केंद्रीय विद्यालय में सब कुछ आपके दिमाग में है थीम पर 40वॉ राष्ट्रीय युवा दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य, एस आर मल्ला, प्रधान अध्यापिका संजूलिका जेम्स की उपस्थिति में स्वामी विवेकानंद के पहले चित्र पर मालिया पर एवं विधिवत रूप से पूजा अर्चना के साथ किया गया। तत्पश्चात मोहिनी साहू, स्नातकोत्तर शिक्षिका (हिंदी) लोकेश कुमार प्रशिक्षित शिक्षक (अंग्रेजी) के नेतृत्व में प्रार्थना सभा के साथ-साथ अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें, चित्रकला, समूह गान प्रतियोगिता, मैराथन, नुक्कड़ नाटक, प्रहसन, योग आदि के आयोजन के साथ




विद्यार्थियों द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन आचरण एवं दर्शन पर भाषण दिया गया, प्राथमिक शिक्षक शक्ति सिंह के नेतृत्व में प्राथमिक विभाग के विद्यार्थियों द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन मनमोहक लघु नाटक प्रस्तुत किया गया, साथ ही स्विच के माध्यम से विद्यार्थियों को विवेकानंद जी के आचरण एवं शिक्षा से जुड़े रहने का प्रयास किया गया। विद्यार्थियों ने काव्य पाठ प्रस्तुत किया, कार्यक्रम के अंतिम चरणों में अतिथि पी गिरिया ने स्वामी विवेकानंद के आचरणों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी जी के आचरण एवं विचार हर एक युवा के लिए प्रेरणा स्रोत है, मैं अपने जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है।

# मोतीपुर में ओशो महापरिनिर्वाण दिवस 19 को

**राजनांदगांव (दावा)। श्वांस जाये उसके पहले जाग जाये। जी हां उक्त सूक्ती वाक्य आधुनिक काल के महान दार्शनिक ओशो के हैं जिनका महापरिनिर्वाण दिवस 19 जनवरी को मोतीपुर मुक्ति धाम स्थित ओशो चैतन्य योग ध्यान मंदिर में धूमधाम से मनाया जायेगा।**



स्वामी आनंद कमल ने बताया कि इसके तहत 19 जनवरी की शाम 5 से 6 बजे तक कुण्डलनी ध्यान होगा। पश्चात 7 बजे आमंत्रित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया जायेगा। फिर देर रात्रि तक कीर्तन एवं ओशो के ऑडियो एवं वीडियो कैसेट प्रशासन एवं ध्यान उत्सव के साथ महापरिनिर्वाण दिवस मनाया जायेगा। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल में ओशो प्रेमियों के लिए ओशो साहित्य भी उपलब्ध रहेगा। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम का व्यवस्थापन प्रतिवर्ष प्रकाश बजाज उर्फ पप्पू बजाज द्वारा किया जाता है। स्वामी आनंद कमल ने सभी ओशो प्रेमियों एवं सन्यासियों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का लाभ उठाने की अपील की है।

# कमला कॉलेज के गणित विभाग में राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय कमला देवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव के गणित विभाग में दिनांक 15 जनवरी को प्रातः 9.45 से 11 बजे तक मैथेमैटिकल क्विज का आयोजन किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय के ऑडोटोरियम में 11 बजे से इमर्जिंग ट्रेंड्स इन मैथेमैटिक्स राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन छग विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद तथा भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद के सहयोग से किया गया।

राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. आरपी शर्मा निदेशक राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, अरुणाचल प्रदेश ने मैथेमैटिकल क्विज में भागीदारी करने वाले महाविद्यालयीन तथा विद्यालयीन छात्र-छात्राओं को शुभकामनायें दी तथा महाविद्यालय को ऐसे आयोजन के लिए सराहा। विशेष अतिथि प्रो. जीपी सिंह, जवाहरलाल नेहरू विश्व विद्यालय, नई दिल्ली ने डॉ. रामानुजन का जीवन परिचय तथा मैजिक स्कॉयर तथा पैट्रिनेट पर विस्तार से जानकारी दी। विशेष अतिथि डॉ. केएल टांडेकर, प्राचार्य शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय, राजनांदगांव ने गणित के व्यापक उपयोग को रेखांकित किया। विशेष अतिथि डॉ. सुमन सिंह बघेल, प्राचार्य शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव ने दैनिक जीवन में गणित के उपयोग के बारे में बताया।





कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे डॉ. आलोक मिश्रा ने गणित के रसायन शास्त्र, भौतिक शास्त्र आदि विषयों में बढ़ती उपयोग के बारे में बताया और पुरूस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। प्रो. एके ठाकुर, गुरूघासीदास केन्द्रीय विश्व विद्यालय, बिलासपुर ने आधुनिक गणित में, कम्प्युटर विज्ञान में श्रीनिवास रामानुजन की खोजों के आधार पर हो रहे परिवर्तन के बारे में बताया। डॉ. आशारानी दास, भिलाई महिला महाविद्यालय, भिलाई नगर ने दैनिक जीवन में गणित के उपयोग पर जानकारी दी। डॉ. राकेश तिवारी, शासकीय वीवायटीपीजी कॉलेज, दुर्ग ने रामानुजन-हॉडर्डी नंबर, गणित के मैजिक्स स्कॉयर पर प्रायोगिक जानकारी दिया। डॉ. शबनम खान, शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय, राजनांदगांव ने गणित के विकास और एप्पलीकेशन ऑफ मैथेमैटिक्स पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. ओमकार लाल श्रीवास्तव ने महाविद्यालय में पहली बार हो रहे स्कूली विद्यार्थियों के लिए मैथेमैटिकल क्विज प्रतियोगिता के बारे में बताया कि शहर के बारह विद्यालयों को आमंत्रित किया गया था, जिसमें चार विद्यालय के विद्यार्थी सम्मिलित हुए तथा विभिन्न महाविद्यालय के विद्यार्थी महाविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया। राष्ट्रीय कार्यशाला में 189 प्राध्यापक तथा विद्यार्थी पंजीकृत हुए है।

स्कूल स्तरीय मैथेमैटिकल क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रॉयल किड्स कॉन्वेट स्कूल के लक्ष्य जंघेल, द्वितीय घटा पाण्डे श्री गुरूनानक स्कूल तथा तृतीय स्थान खिलेश्वर कंवर श्री गुरुनानक स्कूल ने प्राप्त किया। महाविद्यालय स्तरीय मैथेमैटिकल क्विज प्रतियोगिता में भिलाई महिला महाविद्यालय की कंचन साहू ने प्रथम स्थान, कमला कॉलेज राजनांदगांव की दामेश्वरी निषाद ने द्वितीय तथा दिग्विजय कॉलेज की छात्रा प्रगति साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह प्रमाण पत्र तथा क्रमशः 1100, 500 एवं 300 रूपये देकर अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। महाविद्यालय स्तर पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में कु. भुनेश्वरी साहू बीएससी तृतीय वर्ष ने प्रथम, कु. तुलेश्वरी धुर्वे बीएससी तृतीय वर्ष ने द्वितीय तथा कु. संध्या नेताम बीएससी प्रथम वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में कु. तुलेश्वरी धुर्वे बीएससी तृतीय वर्ष ने प्रथम, कु लेखा वर्मा बीएससी प्रथम वर्ष ने द्वितीय तथा कु. वागेश्वरी निर्मल बीएससी तृतीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली तथा पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को क्रमशः 500, 300 एवं 200 रूपये देकर अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन पोषण साहू तथा आभार डॉ. बसंत सोनबेर ने किया तथा महाविद्यालय के वरिष्ठ डॉ. ओपी गुप्ता डॉ. संजय मिश्रा, डॉ. आलोक जोशी आदि ने क्विज प्रतियोगिता का संचालन किया तथा महाविद्यालय के छात्राओं ने अत्यंत रुचिपूर्वक सहभागिता दी। कार्यक्रम में तकनीकी सहयोग रेवती रमन साहू तथा धनेश कुमार पटेल दिया।

# राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कार्य में घोर लापरवाही

## राहगीर हो रहे हैं परेशान, जानलेवा दुर्घटनाओं को आमंत्रण

**बालोद (दावा)। बालोद जिले को महाराष्ट्र से जोड़ने वाली एनएच 930 नेशनल हाईवे सड़क मार्ग निर्माण कार्य कछुआ की चाल से चल रहा है।**

नाली निर्माण की देरी के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जगह जगह गड्ढाखोद कर उसे छोड़े जाने के कारण, आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। सड़क एवं नाली निर्माण कार्य से राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं नाली निर्माण का कार्य विभाग की लेटलतीफी के कारण सड़क मार्ग निर्माण भी बाधित हो रही है। सड़क के किनारे बड़े-बड़े गड्ढे खोद दिए गए हैं,तथा सुरक्षा के कोई उपाय नहीं किए गए हैं। जिसके कारण राहगीर अचानक उसमें गिर जा रहे हैं, इसी के चलते इतवार के सुबह एक राहगीर ईदगाह स्थित व्यवसायिक परिसर की दुकान में कुछ सामान खरीदी करने जा रहा था। इसी के चलते वह अपने दो पहिया वाहन सहित गड्ढे में गिर गया। उक्त स्थिति के चलते आकस्मिक दुर्घटनाएं आए दिन होती रहती है। दूसरी तरफ इसी गड्ढा खुदाई के कारण नल कनेक्शन एवं केबल कनेक्शन में भी समस्याएं उत्पन्न हो रही है। हैरानी की बात तो यह है कि संबंधित ठेकेदार एवं विभागीय अधिकारी इस ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। इस कारण आम लोगों में काफी नाराजगी जाहिर की जा रही है।

# आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसके अंतर्गत छुरिया तहसील में तालाब के पानी में डूबने से एक जनहानि होने पर 4 लाख रूपए, डोंगरगढ़ तहसील में अतिवृष्टि से 39 मकान आंशिक क्षति होने पर 1 लाख 56 हजार रूपए व अतिवृष्टि से 5 मकान पूर्णतः क्षति होने पर 6 लाख रूपए, डोंगरगढ़ तहसील में अतिवृष्टि से 4 मकान आंशिक क्षति होने पर 16 हजार रूपए, डोंगरगांव तहसील में तालाब के पानी में डूबने से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रूपए व मधुमक्खी काटने से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रूपए की सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# बुधनलाल साहू रचनात्मक कार्य करके मनाया जन्मदिन




राजनांदगांव(दावा)। छत्रपति शिवाजी महाराज रक्तवीर मंच प्रदेश महामंत्री मनीष कुमार साहू के दिशा-निर्देश में आज शाला विकास समिति मनकी के अध्यक्ष बुधन लाल साहू ने अपने जन्मदिन के शुभ अवसर पर प्राथमिक शाला के बच्चों को पहाड़ा और तिल लड्डू का वितरण करके बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

जिसमें प्रधानपाठक पोहित साहू, चन्द्राकर मैडम, भुआर्य मैडम, शाला शिक्षा समिति के अध्यक्ष बुधन लाल साहू, उपाध्यक्ष विनोद साहू, उपसरपंच यशवंत निषाद, भूतपूर्व सरपंच कृष्णा गंधर्व, पवन साहू, दुर्गेश साहू, आंगनबाड़ी मैडम नरबदिया साहू उपस्थित थे। उन्होंने ने जन्मदिन को रचनात्मक व सकारात्मक कार्य करके मनाएं।

# अटल संवाद प्रतियोगिता दिग्विजय महाविद्यालय में संपन्न

**राजनांदगांव(दावा)। स्वामी विवेकानंद के 161वे जन्म जयंती युवा दिवस के अवसर पर दिग्विजय कॉलेज के न्यू हॉल में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें भाषण का विषय नवमतदाता भारत निर्माता रहा।**



महाविद्यालय के एनसीसी, एनएसएस के कैडेट एवं विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर कर हिस्सा लिया। 23 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया एवं प्रथम स्थान नगद पुरस्कार राशि 3000 रु., द्वितीय पुरुस्कार 2000 एवं तृतीय पुरस्कार 1000 मोमेंटो और प्रमाण पत्र भी दिया गया, साथ ही प्रतियोगिता में शामिल हो वाले विद्यार्थी को प्रशस्ति पत्र से सम्मान किया गया।

ज्ञात हो कि भाषण का विषय नवमतदाता भारत निर्माता जिस पर समस्त प्रतिभागियों द्वारा व्यक्तत्व्य रखा गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में प्राचार्य के.एल. टांडेकर, भाजयुमो के जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह, जिला महामंत्री कमलेश सूर्यवंशी, जिला उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, जिला मंत्री शिवम् यादव, उज्जवल कसेर, मंडल अध्यक्ष प्रखर श्रीवास्तव, कमलेश प्रजापति, आदित्य पराते, आशुतोष सिंह महाविदलाय राजनिति विज्ञान के प्रोफेसर संजय सप्तऋषि, इतिहास विभाग के एसिसेंट प्रोफेसर हिरेंद्र ठाकुर आदि उपस्थित थे।

# कोयतुर संस्कृति को मूल रूप में बचाना है एक कठिन चुनौती

**कल्लूबंजारी (दावा)। गौरवशाली अति प्राचीन कोयतुर गोंड़ी संस्कृति को मूल रूप में बचाना हमारे लिए एक कठिन चुनौती है उक्त विचार आदिवासी कोयतुर गोंड़ समाज के ब्लाक अध्यक्ष दिनेश कुरेटी दिलेर ने अमरकंटक मैकल श्रेणी में बसे शत-प्रतिशत कोयतुर गोंड़ समाज वाले वनांचल ग्राम कटेमा में प्रथम बार आयोजित कोयतुर गोंड़ समाज के सभा में व्यक्त किया।**

गत दिनों खैरागढ़ विकासखंड के सुदूर वनांचल ग्राम कटेमा में आदिवासी कोयतुर गोंड़ समाज का ब्लाक स्तरीय सामाजिक बैठक समाज प्रमुख दिनेश कुरेटी दिलेर के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ जिसमें आगामी माह में प्रस्तावित गोंड़वाना युवा महोत्सव पर विस्तृत चर्चा कर कटेमा वासियों को शत-प्रतिशत उपस्थिति की अपील की। कार्यक्रम का शुभारंभ लिंगो मुदिया के सेवा अर्जी के साथ हुआ पश्चात समाज प्रमुखों का चांवल का टीका लगाकर एवं पुष्पमाला पहना कर स्वागत किया गया।

सभा को संबोधित करते हुए आदिवासी कोयतुर गोंड़ समाज प्रमुख दिनेश कुरेटी दिलेर ने कहा कि आदिवासी कोयतुर गोंड़ समाज के अति प्राचीन एवं गौरवशाली मूल कोयतुर गोंड़ी संस्कृति को मूल रूप में बचाना हमारे समाज के लिए एक कठिन चुनौती है। हमारी अति प्राचीन एवं गौरवशाली मूल कोयतुर गोंड़ी संस्कृति को बचाने के लिए विश्व के सबसे प्राचीन हमारी मातृभाषा गोंड़ी को मूल रूप में बचाना होगा। हम छत्तीसगढ़ी, मराठी, हिन्दी, अंग्रेजी सहित भारत एवं विश्व के सभी भाषाओं को सीखे व बोले लेकिन हमें सांस्कृतिक पहचान देने वाली विश्व के सबसे प्राचीन गोंड़ी भाषा से बातचीत करना न छोंड़े। गोंड़ी भाषा को आठवीं सूची में शामिल करके एवं गोंड़ी भाषा आयोग बनाकर गोंड़ी भाषा को संरक्षित किया जा सकता है। इस दिशा में प्रयास किया जा रहा है लेकिन अभी तक कोई ठोस परिणाम नहीं मिल पाया है। कोयतुर गोंड़ समाज की संस्कृति रीति-रिवाज, रिश्ता-नाता, बोली-भाषा सबसे अलग एवं विशिष्ट है जो अपना अलग एवं विशिष्ट पहचान बनाता है जिसे हमें मिटने नहीं देना है।



कटेमा में प्रथम बार आयोजित कोयतुर गोंड़ समाज की सभा

संस्कृति मिटा तो पहचान मिटा, पहचान मिटा तो आरक्षण मिटा, आरक्षण मिटा तो हमारा जीवन कठिन हो जायेगा।

गोंड़ी भाषा मूल रूप में सिर्फ वनांचल क्षेत्र में बचा है मैदानी एवं शहरी क्षेत्र में गोंड़ी भाषा लगभग पूरी तरह खत्म हो चुकी है इसका सबसे बड़ा कारण गोंड़ समाज के बड़े बुजुर्गों एवं माता-पिता जिनको गोंड़ी भाषा का ज्ञान है तथा गोंड़ी भाषा का ज्ञान होने के बाद भी अपने बच्चों के साथ गोंड़ी भाषा में बातचीत नहीं करते। कोई भी भाषा विनिमय से ही सीखी जा सकती है। गोंड़ी भाषा के माध्यम से रेला पाटा, हुल्की नृत्य एवं मांदर नृत्य की प्रस्तुति की जाती है। टोण्डा, मण्डा एवं कुण्डा हमारी तीन प्रमुख संस्कार है।तीनों संस्कार के बिना गोंडियन संस्कृति की पहचान नहीं होती। गोंड़ी भाषा बोलने से हमें गर्व का अनुभव होता है। श्री कुरेटी ने आगामी माह में छुरिया विकासखंड के वनांचल ग्राम जोब (मरकाकसा) में प्रस्तावित कोयतुर गोंड़वाना युवा महोत्सव एवं गोंड़वाना सामाजिक, सांस्कृतिक एवं संवैधानिक कार्यशाला में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील की।

सभा को समाज के ब्लाक उपाध्यक्ष जनाराम काटेंगी, कोषाध्यक्ष श्यामदास मंडावी, ब्लाक सचिव समन लाल उइके, डोंगरगढ़ सर्कल अध्यक्ष दुखूराम हुर्रे, उपाध्यक्ष नंदू टेकाम, रामजीटोला के सर्कल अध्यक्ष संतलाल उइके, वैशाली टेकाम, बसंती वट्टी एवं शशिकला टेकाम ने भी मातृभाषा गोंड़ी में संबोधित कर सामाजिक एवं सांस्कृतिक अस्तित्व को बचाने के लिए हरसंभव प्रयास करने पर बल दिया। स्वागत भाषण डोंगरगढ़ के सर्कल अध्यक्ष दुखूराम हुर्रे, संचालन युवा प्रभाग के ब्लाक संरक्षक भुनेश्वर नेताम एवं आभार प्रदर्शन डोंगरगढ़ के सर्कल सचिव रामसिंह खुड़संगे ने किया।

इस सभा की खास बात यह रही कि सभी समाजिक लोग ताजा पत्तल में खाना खाये तथा मातृभाषा गोंड़ी में सभा संबोधन एवं सभा संचालन हुआ। इस अवसर पर प्रमुख रूप से लालचंद तुलावी, महेश कोवाची, झुमुक लाल टेकाम, रामसिंह हिड़को, भगवानी दुग्गा, मयाराम परते, लता उइके, नीरू केराम, कृष्णा परते, अजय परते, बुधरू कोकोड़े, गणेश कोकोड़े, अनिल मरकाम सोनसिंग परते, श्रवण खुड़संगे, राधेलाल पन्धरे, सुनिल कुमार मरकाम, खेमलाल खुड़संगे, शेरसिंह परते, राकेश खुड़संगे, रमेश कोकोड़े, शिवलाल मरकाम, कैलाश खुड़संगे, मनोज कोकोड़े, आशा हुर्रे, राधिका टेकाम, दीपक कुमार मरकाम, रकमा भलावी, रेवती, शीला बाई, काजल, गणेशी, करोंदा, मीराबाई, रामकुंवर, फूलवती, देवकी, रजवंतीन, सवाना आदि सहित कटेमा, खुर्शीपार, कोलारघाट, डोंगरगढ़ एवं चौथना के कोंड़ समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# केन्द्र की हितग्राही मूलक योजनाओं का अधिक से अधिक लोगों को मिलेगा लाभ - मधुसूदन

## विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाईल वेन चार दिनों तक रही शहर में, शिविर के माध्यम से वार्डवासियों ने केन्द्र सरकार की योजनओं के बारे में भारी तादात में लाभ लेने ली जानकारी

राजनांदगांव (दावा)। केन्द्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं की नागरिकों को जानकारी देने एवं लाभान्वित करने विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाईल वेन आज नगर निगम द्वारा लखोली स्कूल मैदान में आयोजित शिविर में पहुँच चल चित्र के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के संदेश को सुनाकर विकसित भारत के उद्देश्य की जानकारी दी गयी। लखोली में आयोजित अंतिम शिविर में केन्द्र सरकार की योजना का लाभ लेने उत्सव का मौहोल था। आज के शिविर के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव जी थे एवं नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्रीमती रेखा मेश्राम,छ.ग.उर्दु अकादमी के पूर्व अध्यक्ष श्री अकरम कुरेशी, पूर्व पार्षद श्री भोलाराम मिश्रेकर व सुश्री आभा तिवारी विशेष रूप से उपस्थित थे।

लखोली स्कूल मैदान में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का शुभारंभ अतिथियों ने फिता काट कर छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर माल्यापर्ण कर दीप प्रज्जवलित कर राजगीत के माध्यम से किया। स्वागत पश्चात अतिथियों द्वारा सभी स्टालो का अवलोकन कर हितग्राहियों से केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ लेने अपील की तथा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई का सामान देकर बच्चों का अन्नप्राशन किया एवं स्वास्थ्य बालक व बालिका को पुरूस्कृत किया तथा अतिथियों ने योजनाओं के लाभार्थियों को चेक, आयुष्मान कार्ड व ई-श्रम कार्ड तथा उज्जवला योजना का गैस चुल्हा का वितरण किया। इसके पूर्व भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने पूर्व सांसद श्री यादव ने संकल्प दिलायी।


अंतिम दिन लखोली स्कूल में आयोजित शिविर में उमडी भीड़

शिविर में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने अपने संबोधन में कहा कि केन्द्र सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं के बारे में देश के हर व्यक्ति को जानकारी देने एवं उसका लाभ देने तथा जिन हितग्राहियों ने योजना का लाभ उठाया है उनका अनुभव साझा करने विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली गयी है। उन्होंने कहा कि निगम सीमाक्षेत्र में चार दिनों से यात्रा विभिन्न वार्डो में घुम रही है, जहाँ शिविर के माध्यम से केन्द्र सरकार के योजनाओं की जानकारी दी जा रही है और लोगों में इसके प्रति भारी उत्साह है यह आज लखोली में आयोजित अंतिम शिविर में दिख रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों को जानकारी देकर हर योजना का लाभ दिया जायेगा एवं नागरिकों को जब हितग्राही मूलक योजना का लाभ मिलेका तभी मोदी जी के 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित भारत का सपना साकार होगा। उन्होंने कहा कि शिविर में आये सभी आवेदनों पर सभी विभाग के अधिकारी गंभीरता से क्रियान्वयन करेंगे और योजना का लाभ देगे।

डॉ. रेखा मेश्राम व सुश्री आभा तिवारी ने भी अपने उद्बोधन में केन्द्र सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की, उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने सभी वर्ग को लाभ देने का काम किया है, एक तरफ उन्होंने बेटी बचाव बेटी पढ़ाव से बेटियों को प्रोत्साहित किया वही राशन कार्ड में महिलाओं को मुखिया बनाकर उन्हे गैस सिलेन्डर देकर, अन्य योजनाओं का लाभ देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया है। इसी प्रकार युवाओं के लिये मोदी जी ने कौशल विकास के तहत प्रशिक्षण देकर रोजगार दिलाया। शिविर में लखोली क्षेत्र के तथा कन्हारपुरी के लगभग 2 हजार से अधिक लोग शिविर में उपस्थित होकर जानकारी लिये और योजनओं का लाभ लेने पंजीयन कराया। प्रधानमंत्री स्व निधि योजना के लिये 71 लोगों ने पंजीयन कराया, आयुष्मान कार्ड के लिये 1450 ने, आधार के लिये 103 ने, उज्जवला योजना के लिये 429 ने, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिये 221 ने, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लिये 55 लोगों ने पंजीयन कराया तथा सैकड़ों लोगों ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेकर आवेदन लिये। शिविर में लगभग 500 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर निःशुल्क दवा प्राप्त किया।

आज के लखोली में आयोजित शिविर में मनोहर यादव एवं उनकी टीम के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से शासन की योजनाओं की जानकारी दी गयी तथा लखोली स्कूल के बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। बच्चों अतिथियो ने पुरूस्कृत किया तथा मनोहर यादव की टीम को प्रसस्ति पत्र एवं साल व श्रीफल से सम्मानित किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों में वालीवाल की रेखा पदम, उपासना राजपूत को तथा हॉकी में दूबी रावत व वसुंधरा मंडावी को साल, श्रीफल व प्रसस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। साथ ही निगम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों का भी सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने जनप्रतिनिधियों, नागरिकों, पार्षदों, पत्रकार बंधुओ तथा लाभार्थियों का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि आप लोगों ने उपस्थित होकर सातो शिविर को सफल बनाया सभी शिविर में वार्डवासियों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी लेकर लाभ लेने आवेदन किया, आप सभी को जल्द से जल्द योजनाओं का लाभ दिया जायेगा। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों से चारो दिवस दोनो पाली में शिविर में उपस्थित होकर नागरिकों को योजनाओं की जानकारी देने पर आभार व्यक्त करते हुये योजना के क्रियान्वयन करने अपील किये। कार्यक्रम का संचालन महापौर परिषद के सचिव श्री संजीव कुमार मिश्रा ने किया। शिविर में पार्षद, पूर्व पार्षद, अधिकारी कर्मचारी सहित लाभार्थी व वार्डवासी उपस्थित थे।

# डॉ. रमन सिंह को दिया गया दीप महोत्सव कार्यक्रम का आमंत्रण



राजनांदगांव(दावा)। संस्कारधानी सनातन धर्म महासभा परिवार द्वारा छत्तीसगढ़ के विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मिलकर आगामी दिनों आयोजित दीप महोत्सव कार्यक्रम का सादर आमंत्रण दिया गया है।

अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने बताया कि अयोध्या में श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव अवसर पर डॉ. रमन सिंह को शामिल होने के लिए 20 जनवरी मानव मंदिर चौक व 21 जनवरी को बालाजी मंदिर गंज लाइन से लक्ष्मी नारायण मंदिर 22 जनवरी को दिग्विजय स्टेडियम में अयोध्या की तरह दीप महोत्सव हेतु संस्कारधानी सनातन धर्म महासभा परिवार द्वारा आमंत्रण दिया गया, जिसमें डॉक्टर साहब ने सहमति प्रदान करते हुए राजनांदगांव की जनता को सभी सनातनी प्रेमी राम भक्तों ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की अपील की है।




# 4 अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर चिचोला पुलिस के हत्थे चढ़े

## 30 किलो गांजा एवं दो ट्रक, कुल जुमला कीमत 25 लाख 68 हजार जप्त

डोंगरगढ़ (दावा)। चिचोला पुलिस ने ताबड़ तोड़ कार्यवाही करते हुए, 02 प्रकरणों में 4 अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया। आरोपियों से कुल 30 किलो गांजा एवं दो ट्रक (10 चक्का) कुल कीमती 25 लाख 68 हजार रू. की जप्ती पुलिस द्वारा की गई। पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग व अति. पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव राहुलदेव शर्मा व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देशन पर जिले में चलाये जा रहे अवैध मादक पदार्थ तस्करी के रोकथाम हेतु लगातार कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था।

आदेश के परिपालन में दिनांक 15 जनवरी को पाटेकोहरा बेरीयर के पास चेकिंग पाईट लगाकर लगातार गाडियो की चेकिंग की जा रही थी। जिस दौरान जरिये मुखबीर के सूचना पर अवैध रूप से उड़ीसा से गुजरात की ओर से ट्रक मे अवैध मादक पदार्थ गांजा परिवहन करने की सुचना पर संदिग्ध वाहन ट्रक क्रमांक सीजी-09, 7815 एवं संदिग्ध वाहन ट्रक क्रमांक ह्ष्ठ 19 छ्व 9231 को नाकाबंदी कर रोककर चेक करने पर ड्रायवर द्वारा गोलमोल जवाब देने पर क्रमशः वाहन चालकों एवं साथ मे बैठे व्यक्ति का नाम पता पुछने पर अपना नाम रंजन बेहरा पिता शिवराम बेहरा उम्र 46 वर्ष





जाति गोंड निवासी ग्राम भठखोल तहसील हजरीपड़ा थाना बिसपडा जिला कंदामाल उड़िसा एवं ड्राइवर के बगल वाला सीट पर बैठ व्यक्ति अपना सुभाषचंद्र छत्र पिता संतोष छत्र उम्र 28 वर्ष जाति कंवर निवासी फुलवानी तहसील फुलवानी जिला कांदामंल उड़िसा एंव नाम अशोक बेहरा पिता बीरागन बेहरा उम्र 35 वर्ष जाति गोंड साकिन ग्राम तहसील फुलवानी थाना बिसपडा जिला कंदामाल उड़िसा एवं ड्राइवर के बगल वाला सीट पर बैठ व्यक्ति अपना सुजीत कंवर पिता स्व. राधुनाथ कंवर उम्र 27 वर्ष जाति कंवर साकिन फुलोवन थाना टीकावाली तहसील चक्कापाथ जिला कदमल उड़िसा का रहने वाला बताये।

### दो ट्रक सहित लाखों की अवैध सामग्री जप्त

चिचोला पुलिस को वाहन क्रमांक सीजी-07 ए 7815 एवं वाहन ट्रक क्रमाक सीजी-19 जे 9231 के केबिन के तलाशी लेने पर आरोपीगणो के सयुक्त कब्जे से क्रमशः संदिग्ध मादक पदार्थ का पैकेट छिपाकर रखा गया। कुल 14 पैकेट बरामद हुआ एवं संदिग्ध मादक पदार्थ का पैकेट छिपाकर रखा गया। कुल 16 पैकेट बरामद हुआ। जिसे विधिवत कार्यवाही करते हुए आरोपीगण रंजन बेहरा एंव सुभाष चंद्र छत्र के संयुक्त कब्जे से कुल 14 पैकेट मे गांजा जैसे मादक पदार्थ वजनी 14 किलोग्राम एंव ट्रक क्रमाक- सीजी-07 ए7815 व आरोपीगण का मोबाईल व वाहन का पेपर जुमला कीमती 10 लाख 85 हजार रूपये को एवं आरोपीगण अशोक बेहरा एंव सुजीत कंवर के सयुक्त कब्जे से कुल 16 पैकेट मे गांजा जैसे मादक पदार्थ वजनी 16 किलोग्राम एंव ट्रक नं. सीजी-19/जे 9231 व आरोपी का मोबाईल, वाहन का पेपर को जप्त कर कब्जा पुलिस मे लिया जाकर आरोपीगणों का कृत्य धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट का पाये जाने से क्रमशः अपराध क्रमांक 13/2024 व 14/2024 धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट कायम कर अपराध विवेचना मे लेकर आरोपीगणों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

उपरोक्त कार्यवाही मे चौकी प्रभारी निरीक्षक उमेश बघेल,एंव उप निरीक्षक सुमेन्द्र खरे, सउनि नंदकुमार फरदिया, प्रधान आरक्षक संजय चौधरी, रामसाहय मंडावी,आरक्षक आशिष मानिकपुरी, देवीलाल साहू, सुनील कुमार, रविकांत धृतलहरे, हेमंत सूर्यवंशी का विशेष योगदान रहा।

# खेत में जुआ खेल रहे 5 जुआरी पुलिस के हत्थे चढ़े

## नगद 84420 रूपये व 3 मोटर सायकल सहित बावन पत्ती जप्त

राजनांदगांव (दावा)। थाना लालबाग व साइबर टीम की संयुक्त कार्रवाई के चलते खेत में जुआं खेल रहे पांच जुआरियों को धर दबोचा गया है। टीम ने उनके पास से 84 हजार 420 रुपए नगद और 3 मोटर साइकिल सहित बावन पत्ती जब्त किया गया है।

बता दें कि 16 जनवरी की शाम सायबर सेल प्रभारी जितेन्द्र वर्मा एवं लालबाग थाना प्रभारी नंद किशोर गौतम द्वारा पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुलदेव के निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर थाना लालबाग एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम ने ग्राम जंगलपुर और रामपुर के बीच नाले के उपर खेत में जुआ खेल रहे 5 जुआरियों को धर दबोचा गया। इन जुआरियों में राजीव ठाकुर पिता महेश ठाकुर (35) निवासी बसंतपुर, जीवराखन पिता परदेशी (42) निवासी पेण्डी, शुभम देवांगन पिता अर्जुन देवांगन (24) निवासी नंदई, सुधाकर गायकवाड़ पिता सच्चा गायकवाड़ (25) निवासी गौरीनगर तथा मो. बसीर पिता मो. युसुफ (42) निवासी चिखली के कब्जे से 52 पत्ती ताश, 84420 रूपये नगद, 3 मोटर सायकल, 2 दरी एवं तालपत्री जप्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।



# केंद्रीय विद्यालय में समूह जन्मदिवस



राजनांदगांव (दावा)। पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय राजनांदगांव में बालवाटिका-3 की कक्षा में कंबाइन बर्थडे सेलिब्रेशन का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें एक ही दिन कक्षा के सभी छात्रों का जन्मदिन मनाया गया ताकि सभी छात्रों का जन्मदिन स्कूल में मनाना संभव हो पाए। कार्यक्रम की शुरुआत केक काटकर की गई। नन्हें बच्चों के द्वारा कविता और नृत्य का कार्यक्रम हुआ। तत्पश्चात, कक्षा शिक्षिका दीक्षा मेश्राम व रश्मि लोधी द्वारा बच्चों को गिफ्ट का वितरण किया गया और जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गई। प्राचार्य मनोज कुमार द्वारा सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी गईं व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# खपरीकला स्कूल में शौचालय निर्माण की मांग

राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगांव क्षेत्र के ग्राम खपरीकला स्कूल में शौचालय निर्माण किए जाने की मांग ग्राम स्वास्थ्य समिति द्वारा की गई है। कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन भी स्वस्थ्य समिति की सीमा महेश्वरी, उत्तरा साहू, सीमा निर्मलकर, रूपेश्वरी पटेल आदि ने कहा कि ग्राम खपरीकला के शासकीय प्राथमिक शाला व पूर्व माध्य. शाला का बालक-बालिकाओं के लिए बनाए गए शौचालय एकदम जर्जर स्थिति में है जिससे कभी भी दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है। अतः शाला में नए शौचालय का निर्माण अतिशीघ्र कराई जाए।

# जिला सराफा एसो. ने निकाली श्रीराम शोभायात्रा

राजनांदगांव(दावा)। इन दिनों अयोध्या में श्रीराम लला प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव का जलवा चारो ओर छाया हुआ है। इस क्रम में शहर में विभिन्न संस्था संगठनों सहित संस्कारधानी के जिला सर्राफा ऐसोसिएशन द्वारा मंगलवार को श्रीराम लला प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के पूर्व शहर में भव्य श्रीराम शोभायात्रा निकाली गई। भगवान श्रीराम के भव्य कट आउट के साथ भगवा ध्वज लहराते हुए निकली शोभायात्रा में लोग गाते बजाते हुए चल रहे थे। जिससे पूरा वातावरण राममय बना रहा। भारत माता चौक में स्थित नरसिंह मंदिर से निकाली गई भगवान श्रीराम की शोभायात्रा में जिला सर्राफा एसोसिएशन के बड़ी संख्या में पदाधिकारी सदस्य एवं बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी जय-जय श्रीराम का उद्घोष लगाते हुए चल रहे थे।









# बाहर से आई राम-भजन वाले कलाकारों की टोली से शहर में बना राममय माहौल

राजनांदगांव (दावा)। इन दिनों सिर्फ संस्कारधानी नगरी ही नहीं पूरा देश श्री रामभक्ति के आगोश में डूबा हुआ है।

अयोध्या में श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का ज्वार सब पर छाया हुआ है ऐसे माहौल में आंध्र प्रदेश के कलाकार भगवान श्री राम लक्ष्मण का वेश धरे हारमोनियम, तबले के साथ राम-भजन का गान करते हुए शहर में नजर आ रहे है जिससे पूरा माहौल राम मय बना हुआ है। शहर में घुम-घुम कर श्रीराम नाम का गायन करते ये कलाकार फिलहाल भिलाई की चरौदा बस्ती में ठहरे हुए है। भगवान श्रीराम-लक्ष्मण का वेश धारण किए हुए इन कलाकारों को राम-भजन गाते हुए देख कर जन-जन का मन हर्षित हो रहा है। इन कलाकारों के प्रमुख गोविंद निणाद जी ने बताया कि अभी बगैर किसी से दान दक्षिणा लिए शहर में घूम-घूम कर भगवान श्रीराम जी का गुणगान कर रहे है। वापिस जाते समय जिसको भी कुछ दान दक्षिणा देनी है वे उनकी झोली में डाल जाएंगे।


भगवान श्रीराम-लक्ष्मण का वेश धरे कलाकार बगैर दान-दक्षिणा लिए कर रहे कला का प्रदर्शन




## उठावना



अत्यंत दुःखपूर्वक सूचित करते हैं कि हमारी माता जी

**श्रीमती लीला जैन (लूनावत)**

(ध.प. स्व. लालचंद जी जैन)

का आकस्मिक निधन सोमवार, 15.01.2024 को हो गया, जिनका-

उठावना : आज 17.01.2024, प्रातः 10.30 बजे
स्थान : निवास स्थान, जूनी हटरी, राजनांदगांव

शोक संतप्त...
भागचंद जैन (देवर), राजेश, मनीष (भतीजे) एवं समस्त लूनावत परिवार, राजनांदगांव

शोकाकुल...
संजय, अजय कुमार (पुत्रगण) तुषार, लक्ष्य, कुशल, एवं मयन (पौत्र)

नोट- शोक बैठक निवास स्थान जूनी हटरी में प्रतिदिन महिलाओं की दोप. 2 से 4 तथा पुरूषों की रात्रि 7 से 9 बजे तक रखी गई है.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुदक्र दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com